www.tamsasanket.com

वर्ष: 30 || अंक 55 || अम्बेडकरनगर

शनिवार

16 मई 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: 2 ₹

आज़ादी का अमृत महोत्सव

समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

दैनिक

# तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**

सूर्योदय: 05:48

सूर्यास्त: 06:47

अधिकतम: 40°00

न्यूनतम: 28°00



पेज 07

विशेष समाचार

महंगाई की मार, जनता लाचार ... >> पेज 04

दालमंडी में 7 मकानों पर शुरू... >> पेज 06

59 की हुई माधुरी सुभाष घई ने ...

# भारत-यूएई के बीच एलपीजी सप्लाई पर डील


## राष्ट्रपति अल नाहयान के साथ बैठक में फैसला, मोदी के प्लेन को एफ-16 फाइटर जेट से सुरक्षा दी गई

**दौरा**

तमसा संकेत, एजेंसी

दुबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी UAE दौरे पर पहुंचे हैं। अबूधाबी पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक UAE एयरफोर्स के F-16 फाइटर जेट्स ने प्रधानमंत्री के विमान को एस्कॉर्ट किया। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। दोनों देशों के बीच LPG सप्लाई को लेकर अहम समझौता हुआ। रक्षा सहयोग और वडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर से जुड़े MoU भी साइन किए गए।

>> (शेष पेज 06 पर)



भारत और यूएआई के अधिकारियों ने पीएम मोदी और राष्ट्रपति अल नाहयान की मौजूदगी में समझौतों का आदान-प्रदान किया।



भारत और यूएआई के बीच एलपीजी समेत 5 समझौते साइन हुए।



अबूधावी में पीएम मोदी का गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया।

### मोदी बोले- हर हालात में यूएई के साथ खड़ा है भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने UAE के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बातचीत में कहा कि भारत हर परिस्थिति में UAE के साथ मजबूती से खड़ा है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पीएम मोदी ने कहा कि भारत और UAE के रिश्ते बेहद मजबूत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि UAE एयर फोर्स के लड़ाकू विमानों द्वारा उनके विमान को एस्कॉर्ट किया जाना भारत के लोगों के लिए गर्व की बात है।

### भारत और यूएई के बीच 7 समझौतों पर सहमति

- **स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व समझौता**
  महत्व-ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी, तेल भंडार मजबूत होंगे, एलएनजी-एलपीजी स्टोरेज पर सहयोग संभव।
- **एलपीजी सप्लाई समझौता**
  महत्व - एलपीजी सप्लाई मजबूत होगी, आर्थिक साझेदारी बढ़ेगी।
- **स्ट्रेटेजिक डिफेंस पार्टनरशिप समझौता**
  महत्व- रक्षा सहयोग, तकनीक साझा करने और सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।
- **वाडिनार पोर्ट, गुजरात में शिप रिपेयर क्लस्टर बनाने पर समझौता**
  महत्व- शिपिंग और तटीय ढांचा मजबूत होगा और मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा।
- **शिप रिपेयर में स्किल डेवलपमेंट पर समझौता**
  महत्व- समुद्री कार्यबल की क्षमता बढ़ेगी और भारत शिपबिल्डिंग-रिपेयर व स्किल हब बनेगा।
- **सुपरकंप्यूटिंग क्लस्टर पार्टनरशिप समझौता**
  महत्व- सुपरकंप्यूटर क्लस्टर से एआई मिशन को बढ़ावा मिलेगा।
- **यूएई का भारत में $5 अरब निवेश करने का वादा**
  महत्व- निवेश से रोजगार बढ़ेंगा और भारत-यूएई विकास साझेदारी मजबूत होगी।



### मोदी बोले- पश्चिम एशिया में शांति के लिए भारत हर मदद को तैयार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने UAE के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात के दौरान कहा कि भारत पश्चिम एशिया में शांति बहाल करने के लिए हर संभव सहयोग देने को तैयार है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के प्रयासों का समर्थन करता रहेगा।

### क्रूड ऑयल का उत्पादन बढ़ाएगा यूएई

UAE ने हाल ही में दुनिया के बड़े तेल निर्यातक देशों के संगठन OPEC छोड़ने का ऐलान किया है। UAE ने 2027 तक अपना क्रूड ऑयल उत्पादन बढ़ाकर 50 लाख बैरल प्रतिदिन करने की योजना बनाई है।

ऐसे में भारतीय कंपनियों और UAE की कंपनियों के बीच लंबी अवधि के ऊर्जा समझौतों पर बातचीत होने की संभावना जताई जा रही है।

पूर्व भारतीय राजदूत संजय सुधीर ने ANI से बातचीत में कहा कि वेस्ट एशिया के हालात के बीच प्रधानमंत्री मोदी का UAE दौरा काफी अहम है। उन्होंने कहा कि यह भारत की तरफ से समर्थन का मजबूत संकेत भी माना जा रहा है। UAE के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान कुछ ही देर में पीएम मोदी को विदा करेंगे।

**विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा भारत और यूएई के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को भी मजबूत करेगी। दोनों देशों के बीच पहले से व्यापक रणनीतिक साझेदारी है और इस दौरे का मकसद उसे और आगे बढ़ाना है।**

### मोदी बोले- भारत-यूएई की दोस्ती बेहद मजबूत

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट कर भारत-UAE रिश्तों को मजबूत और भरोसेमंद बताया। उन्होंने कहा, "भारत और UAE की दोस्ती बहुत मजबूत है। मोदी ने कहा कि दोनों देश बेहतर भविष्य के निर्माण के लक्ष्य के साथ मिलकर काम करते रहेंगे। मोदी ने कहा कि जनवरी में UAE राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान रिश्तों को और मजबूत करने पर सहमति बनी थी। उन्होंने कहा कि कम समय में दोनों देशों ने सभी क्षेत्रों में तेज प्रगति की है।

**"मोदी ने कहा कि भारत चाहता है कि होर्मुज स्ट्रेट खुला और सुरक्षित बना रहे। उन्होंने कहा कि वेस्ट एशिया युद्ध का असर पूरी दुनिया पर दिख रहा है और भारत हमेशा संवाद व कूटनीति के जरिए समाधान का पक्षधर रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन जरूरी है।**





# 26 मई को केरलम पहुंचेगा मानसून

## मौसम विभाग का अनुमान- तय समय से 4 दिन पहले पहुंचेगा

तमसा संकेत, एजेंसी



नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि मानसून केरलम में 26 मई को दस्तक दे सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल पहुंचता है, फिर देश के दूसरे हिस्सों को कवर करने के लिए उत्तर की ओर बढ़ता है। पिछले साल मानसून 24 मई को आया था। 2025 में सामान्य से 8% अधिक बारिश हुई थी। 30 सितंबर 2025 को मौसम विभाग (IMD) ने बताया था कि पूरे देश में सामान्य से 8 प्रतिशत अधिक बारिश (937.2 मिमी) दर्ज की गई। IMD चीफ मृत्युंजय महापात्रा ने इसे बहुत सफल सीजन बताया था। यूपी में बुधवार को आंधी और बारिश ने जमकर तबाही मचाई। राज्य में 111 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 21 मौतें प्रयागराज और 17 मौतें भदोही में हुईं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी इन मौतों पर दुख जताया। इस साल मानसून की बारिश सामान्य से कम रह सकती है।

>> (शेष पेज 06 पर)

# 'योगीजी काफिला न घटाइए, आपकी सुरक्षा जरूरी है'

## गोरखपुर में सांसद रवि किशन बोले- मैं साइकिल से चल लूंगा

तमसा संकेत, एजेंसी



गोरखपुर। सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गोरखपुर में प्रबुद्ध सम्मेलन में पहुंचे। यहां सांसद रवि किशन शुक्ला ने सीएम योगी से खास अपील की। कहा, प्रधानमंत्री मोदी दो गाड़ी पर आ गए। सीएम योगी भी ऐसा कर रहे हैं। लेकिन यह खतरनाक है। सांसद ने जोर देकर कहा, पीएम-सीएम की सुरक्षा जरूरी है। हम लोगों ने काफिला लेकर चलना बंद कर दिया है। ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) से चल रहे हैं। आप कहेंगे तो हम साइकिल से चलेंगे, लेकिन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री अपना काफिला कम न करें। इनकी सुरक्षा जरूरी है। सांसद रवि किशन ने गुरुवार को भी पीएम-सीएम की सिक्योरिटी को लेकर चिंता जताई थी।

### योगी बोले- भारत का पैसा भारत में रहना चाहिए

सम्मेलन में सीएम योगी ने कहा- पश्चिम एशिया में युद्ध चल रहा है। ईंधन की आपूर्ति बाधित है। दुनिया के सभी देशों में पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़े हैं। अमेरिका में 4 गुना दाम बढ़े हैं। यूरोप के देशों की हालत खराब है। पाकिस्तान जैसे-तैसे समय काट रहा है। अरब के देश अंधकार में रहने के लिए मजबूर हैं। 12 फरवरी से लगातार यह चल रहा है।

## फास्ट न्यूज

### जम्मू-कश्मीर में शराबबंदी की मांग को लेकर बीजेपी का प्रदर्शन

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर को 100 दिनों के भीतर नशा मुक्त बनाने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी बीच रविवार को एक पत्रकार के सवाल पर मुख्यमंत्री के बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया। अब्दुल्ला ने कहा था कि लोग अपनी मर्जी से शराब का सेवन करते हैं। सरकार किसी को भी शराब की दुकानों पर जाने के लिए मजबूर नहीं कर रही है।

### बेरोजगार युवा कॉकरोच जैसे : सीजेआई

नई दिल्ली। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान देश के बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच कहा। उन्होंने कहा- कुछ बेरोजगार युवा कॉकरोच जैसे होते हैं, जो बाद में मीडिया, सोशल मीडिया या RTI एक्टिविस्ट बनकर सिस्टम पर हमला करने लगते हैं। CJI और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने शुक्रवार को एक वकील की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें उसने सीनियर एडवोकेट का दर्जा पाने मांग की थी। बेंच ने वकील को फटकार लगाते हुए कहा- समाज में पहले से ही पैरासाइट (परजीवी) हैं, जो सिस्टम पर हमला करते हैं।

### दो एयरलाइन का किराया अलग-अलग क्यों : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्लीसुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि एक ही दिन, एक ही सेक्टर में उड़ान भरने वाली एक एयरलाइन कुछ अलग हवाई किराया लेती है, जबकि दूसरी एयरलाइनल अलग किराया लेती है। दरअसल जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सोशल एक्टिविस्ट एस लक्ष्मीनारायणन की याचिका पर सुनवाई की।

# नीट अगले साल से ऑनलाइन होगी

## इस साल रद्द हुई परीक्षा 21 जून को, यह पेपर-पेंसिल से होगी

**ऐलान**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। अगले सत्र से NEET-UG परीक्षा ऑनलाइन होगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने माना कि 3 मई को हुई NEET-UG-2026 की परीक्षा के पेपर लीक हुए थे। उन्होंने कहा, 'हम नहीं चाहते थे कि कोई गलत कैंडिडेट सिलेक्ट हो जाए। इसलिए हमने बड़ी जिम्मेदारी से परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया। अब यह परीक्षा रविवार 21 जून को होगी। 7 मई को गड़बड़ी का पता चला था। एनटीए ने सरकार को बताया। फिर 12 मई को रीएग्जाम का फैसला लिया गया।' शिक्षा मंत्री ने कहा, 'रीएग्जाम में छात्रों को 15 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम मिलेगा। छात्र रीएग्जाम में अपनी पसंद का सेंटर चुन पाएंगे।'

>> (शेष पेज 06 पर)



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

# पेट्रोल-डीजल 3-3 महंगे हुए, नई कीमतें लागू

## दिल्ली में पेट्रोल 97.77 लीटर हुआ, कंपनियों को अभी भी 25-30 प्रति लीटर का घाटा

**बढ़ोतरी**

तमसा संकेत, एजेंसी



नई दिल्ली। पेट्रोल और डीजल 3-3 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। दिल्ली में अब पेट्रोल 97.77 रुपए प्रति लीटर में मिलेगा। डीजल की कीमत 90.67 रुपए प्रति लीटर हो गई है। नए दाम आज 15 मई से लागू हो गए हैं। करीब 2 साल बाद दामों में ये बढ़ोतरी की गई है। वहीं कंपनियों को अभी भी पेट्रोल-डीजल पर 25-30 प्रति लीटर का घाटा हो रहा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों के साथ प्रमुख शहरों में CNG भी 2 प्रति किलो तक महंगी हो गई हैं। दिल्ली में अब एक किलो CNG के लिए 79.09 खर्च करने होंगे। इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### राहुल बोले- मोदी सरकार की गलती की कीमत जनता चुकाएगी

इस बीच राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा, 'गलती मोदी सरकार की, कीमत जनता चुकाएगी।' उन्होंने आगे कहा कि 3 रुपए का झटका तो लग चुका है, बाकी की वसूली अभी किस्तों में की जाएगी। राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार की गलतियों का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

### पड़ोसी देशों में बढ़े दाम, भारत में अब हुआ इजाफा

सरकार अब तक यह तर्क देती रही थी कि पश्चिम एशिया युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में उछाल आया है। इसके चलते पाकिस्तान, 15% से 20% तक बढ़ गईं।

### 2024 से दाम नहीं बदले थे, चुनाव से पहले कटौती हुई थी

देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मार्च 2024 से स्थिर बनी हुई थीं। लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले सरकार ने कीमतों में 2 प्रति लीटर की कटौती कर जनता को राहत दी थी। हालांकि, तकनीकी रूप से भारत में ईंधन की कीमतें विनियमित हैं और कंपनियां अंतरराष्ट्रीय क्रूड की 15 दिनों की औसत कीमत के आधार पर हर दिन रेट बदल सकती हैं, लेकिन राजनीतिक संवेदनशीलता के कारण इन्हें लंबे समय तक नहीं बदला गया।




**खुशी : आंखों में आंसू लिए असहाब अंसारी ने दी गुड न्यूज, रामलीला मैदान में छात्रों के समर्थन में उतरे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर**

# 'सरकारी नौकरी लग गई...'

तमसा संकेत, संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और स्टैंड अप कॉमेडियन असहाब अहमद अंसारी की सरकारी नौकरी लग गई है। उन्होंने हाल ही में एक वीडियो जारी कर बताया कि वह उन्होंने SSC CGL का एग्जाम क्रैक कर लिया है और अब वह इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में इंस्पेक्टर बन गए हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि असहाब अंसारी की आंखों में आंसू हैं और वह भालवुक भी हैं। उन्होंने अपने चाहने वालों को आंखों में आंसू लेकर यह गुड न्यूज दी और अब उनकी जमकर तारीफ हो रही है।

असहाब अहमद अंसारी UPSC की तैयारी करते थे और साथ में वह यूट्यूब पर कंटेट भी पोस्ट करते थे। धीरे-धीरे वह सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और स्टैंड अप कॉमेडियन बन गए। अलग-अग प्लेटफॉर्म्स पर लाखों लोग उन्हें फॉलो करते हैं।



सरकारी नौकरी लगने के बाद असहाब अंसारी ने बताया कि उनके पापा सरकारी टीचर हैं। उन्होंने अपनी नौकरी के बारे में बताते हुए कहा कि SSC CGL 2025 के रिवाइज्ड रिजल्ट में मेरा सिलेक्शन इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में ऑफिस सुप्रिंटेंडेंट के पद पर हो गया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि पहले उनका एग्जाम कुछ ही नंबरों से रह गया था। उन्होंने बताया कि जब लोग उनके पिता से पूछते होंगे तो मुझे बुरा लगता था कि वह कैसे जवाब देते होंगे। उन्होंने कहा कि अब मास्टर साहब बताएंगे कि उनका बेटा इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में है।

अशाब अहमद अंसारी ने कहा कि मेरे पास नॉलेज बहुत थी लेकिन मेरे पास कुछ दिखाने को नहीं था। मेरे पास वह क्रेडिबिलिटी नहीं थी। मैं जानता था की परीक्षा कैसे निकल सकती है। मेरे 311 नंबर आए थे लेकिन कटऑफ 315 गई थी। रिवाइज्ड रिजल्ट में कटऑफ 311 गई तो उनका सिलेक्शन हो गया।

उन्होंने बताया कि 1 साल पहले जब उनका पेपर नहीं निकला था तो उन्होंने स्टेटस लगाया था कि जब किस्मत अच्छी नहीं होती तो मेहनत भी काम नहीं आती। उन्होंने कहा, 'अब किस्मत अच्छी थी तो पेपर भी निकल गया।' उन्होंने कहा कि संघर्ष के बारे में तो बहुत कुछ कहा जा सकता है और आज लोग मान भी लेंगे लेकिन बस इतना कहना चाहूंगा कि अब नौकरी मिल गई है।

### कौन हैं अशब अहमद अंसारी?

अशब अहमद अंसारी सोशल मीडिया पर अपने हास्य और शैक्षिक कंटेंट के लिए जाने जाते हैं। वे पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं और छात्रों की समस्याओं को मजाकिया अंदाज में प्रस्तुत करते हैं, जिसके कारण युवाओं के बीच उनकी अच्छी लोकप्रियता है। वे एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, यूट्यूबर, स्टैंड-अप आर्टिस्ट और शैक्षिक कॉमेडियन के रूप में पहचान बना चुके हैं। हाल के वर्षों में उन्होंने शिक्षा व्यवस्था और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों पर भी अपनी राय खुलकर रखी है।

# सुप्रीम कोर्ट स्टाफ को 2 दिन का वर्क फ्रॉम होम

## मोदी की ईंधन बचाने की अपील पर फैसला

तमसा संकेत, एजेंसी



नई दिल्ली। PM मोदी की ईंधन बचत की अपील पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने वर्किंग को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। अब कोर्ट के हर विभाग का स्टाफ दो दिन वर्क फ्रॉम होम पर रहेगा। सभी जज कार पूल करेंगे। रजिस्ट्री से जुड़ा 50 फीसदी स्टाफ भी घर से काम करेगा। सोमवार, शुक्रवार और मिसलेनियस डे (जो दिन पहले से तय नहीं होते) पर लिस्ट मामलों की सुनवाई केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी। इसके अलावा कोर्ट के अन्य वर्किंग डे में भी सुनवाई ऑनलाइन ही की जाएगी। कोर्ट ने रजिस्ट्री विभाग को निर्देश दिया है कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लिंक समय पर भेजें और टेक्निकल सपोर्ट हर समय उपलब्ध रहे, जिससे अदालत की कार्यवाही प्रभावित न हो। सुप्रीम कोर्ट सचिव जनरल भारत पराशर ने इस संबंध नें सर्कुलर जारी किया है। पीएम मोदी की पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील का असर देश के राज्यों में भी दिखने लगा है।

>> (शेष पेज 06 पर)

दो मजदूरों की मौत, शटरिंग का सामान लेकर लौट रहे थे श्रमिक, एक घंटे की मशक्कत के बाद निकाले गए दबे लोग

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पर गिरी पेड़ की डाल

हादसा

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी में एक दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली पर पेड़ की भारी डाल गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के ग्रामीण राहत कार्य में जुट गए। घटना टिकैतनगर क्षेत्र की बताई जा रही है, जहां शटरिंग का सामान लेकर गांव लौट रही ट्रॉली अचानक हादसे का शिकार हो गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जबकि दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्रा मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि दोनों मृतकों की पहचान कर ली गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



**बताया जा रहा है कि रास्ते में सड़क किनारे खड़े एक पुराने पेड़ की भारी भरकम डाल अचानक टूटकर ट्रॉली पर आ गिरी। डाल इतनी बड़ी थी कि ट्रॉली पर बैठे सभी लोग उसके नीचे दब गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।**

## गांव लौटते समय हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार, टिकैतनगर क्षेत्र के खेतासराय गांव निवासी मंगल ट्रैक्टर-ट्रॉली पर शटरिंग का सामान लादकर गांव लौट रहे थे। ट्रॉली पर गांव के ही मजदूर मैकूलाल और विकास समेत एक अन्य श्रमिक भी सवार था।

## ग्रामीणों ने चलाया राहत अभियान

दुर्घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद पेड़ की डाल हटाई जा सकी। ग्रामीणों ने जब दबे लोगों को बाहर निकाला तो मैकूलाल और विकास की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। वहीं चालक मंगल और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति गंभीर रूप से घायल मिले। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टिकैतनगर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## पुराने पेड़ों की स्थिति को लेकर उठे सवाल

इस हादसे के बाद सड़क किनारे खड़े जर्जर और पुराने पेड़ों की स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि कई स्थानों पर पुराने पेड़ों की सूखी डालें लटक रही हैं, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं।

लोगों ने प्रशासन से ऐसे पेड़ों की जांच कर समय रहते आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

वहीं चालक मंगल और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति गंभीर रूप से घायल मिले। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।

जानकारी के अनुसार, टिकैतनगर क्षेत्र के खेतासराय गांव निवासी मंगल ट्रैक्टर-ट्रॉली पर शटरिंग का सामान लादकर गांव लौट रहे थे। ट्रॉली पर गांव के ही मजदूर मैकूलाल और विकास समेत एक अन्य श्रमिक भी सवार था।

इसके बाद सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टिकैतनगर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# मंत्री सतीश शर्मा ई-ऑटो से निरीक्षण पर निकले

कहा- आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है, ईंधन बचाना जरूरी

तमसा संकेत, एजेंसी



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा अपने विधानसभा क्षेत्र के बनीकोडर ब्लॉक का निरीक्षण करने के लिए इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा से पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लग्जरी गाड़ियों का अपना काफिला छोड़ दिया। उनके इस कदम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाने और स्वच्छ ऊर्जा अपनाने की अपील से जोड़ा जा रहा है। राज्यमंत्री सतीश शर्मा नई सड़क स्थित अपने आवास से सीधे इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा में सवार होकर बनीकोडर ब्लॉक पहुंचे। यात्रा के दौरान उन्होंने आम जनता के बीच रहकर सार्वजनिक परिवहन और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग का संदेश दिया। मंत्री ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा अपनाना और ईंधन बचाना केवल एक विकल्प नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी बताया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी अपनाने और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को मजबूत कर रहे हैं। दरअसल, हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक आर्थिक संकट और विदेशी मुद्रा संरक्षण के मद्देनजर देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने की अपील की थी। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों के अधिक उपयोग और सार्वजनिक परिवहन अपनाने पर जोर दिया था। राज्यमंत्री सतीश शर्मा का यह कदम प्रधानमंत्री की इसी अपील को आगे बढ़ाता है।

फास्ट न्यूज

### घाटों से दूर हुई सरयू को फिर करीब लाएगा बैराज

अयोध्या। अयोध्या में पक्के घाटों से दूर होती जा रही सरयू नदी को फिर से राम की पैड़ी तक स्थायी रूप से बनाए रखने के लिए बैराज निर्माण परियोजना को अब बेहद जरूरी माना जा रहा है। हालात यह हैं कि श्रद्धालुओं को स्नान के लिए तपती रेत पर लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। ऐसे में वर्षों से प्रस्तावित सरयू बैराज परियोजना को लेकर उम्मीदें फिर बढ़ गई हैं। रामनगरी में नया घाट-गोंडा मार्ग के पुराने पुल और रेलवे पुल के बीच 820 मीटर लंबा बैराज प्रस्तावित है।

### चौकीदार के घर हुई चोरी

बाराबंकी। बाराबंकी के लोनी कटरा थाना क्षेत्र में देर रात चोरी की घटना हुई। ख्वाजापुर गांव में लोनीकटरा थाने के चौकीदार विजई पुत्र दयाराम सहित दो घरों को चोरों ने निशाना बनाया। चोर लाखों रुपये के सामान और नकदी लेकर फरार हो गए। चोर छत के रास्ते घरों में घुसे और दरवाजे-ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस विभाग से जुड़े चौकीदार के घर में भी चोरी हुई, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित परिवारों ने पुलिस को सूचित किया। उन्होंने बताया कि उनके घरों से कीमती सामान और नकदी चोरी हुई है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष काफिला छोड़ बुलेट से निकले

अयोध्या। अयोध्या जिले में भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी शुक्रवार को अपने बदले हुए अंदाज को लेकर चर्चा में रहे। आमतौर पर दो से तीन गाड़ियों के काफिले के साथ चलने वाले जिलाध्यक्ष इस बार बुलेट मोटरसाइकिल से कुमारगंज पहुंचे। राधेश्याम त्यागी अयोध्या-रायबरेली हाईवे मार्ग से कुमारगंज स्थित भाजपा की संगठनात्मक बैठक में शामिल होने जा रहे थे।

# 69000 शिक्षक : ब्रिज कोर्स और जनगणना ड्यूटी पर दुविधा

सुल्तानपुर में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए से मिलकर मांगा समाधान

तमसा संकेत, एजेंसी



सुलतानपुर। सुल्तानपुर में 69000 भर्ती शिक्षकों के ब्रिज कोर्स और जनगणना ड्यूटी के एक साथ होने से उत्पन्न दुविधा को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) उपेंद्र गुप्ता से मुलाकात की। यह मुलाकात संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय के नेतृत्व में हुई, जिसमें 69000 भर्ती शिक्षकों के प्रतिनिधि भी शामिल थे। परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत इन शिक्षकों को ब्रिज कोर्स पूरा करना है, लेकिन उसी समय उन्हें जनगणना ड्यूटी में भी लगाया गया है। इस दोहरी जिम्मेदारी के कारण शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे संघ ने जिला प्रशासन के समक्ष अपनी चिंता व्यक्त की। जनपदीय प्रवक्ता निज़ाम खान ने बताया कि वार्ता के दौरान बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने संघ और शिक्षकों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि परिस्थितियों को देखते हुए जिला प्रशासन के साथ गंभीर विचार-विमर्श कर समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार यादव, जयसिंहपुर तहसील प्रभारी विमलेश सरोज, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र राव, कामरान अहमद, संघर्ष समिति से अशरफ मोईद, प्रीतम सिंह, आकाश कसौंधन, ओंकार नाथ, विपिन तिवारी, बृजेश कुमार वर्मा, रंजीत सरोज, शैलेश वर्मा, दिवाकर तिवारी, प्रवीण कुमार, सुनील कुमार सुमन और सुनील कुमार सहित कई अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### पीएम मोदी की विदेश नीति फेल, महंगाई चरम पर

अयोध्या। अयोध्या में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल के दामों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में महंगाई लगातार चरम पर पहुंच रही है और आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे व्यापारी, किसान, नौजवान, गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। पेट्रोल-डीजल महंगा होने से खाद्य पदार्थों की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो रही है। तेज नारायण पांडेय ने आरोप लगाया कि कई राज्यों में चुनाव खत्म होने के बाद केंद्र सरकार ने पहले गैस सिलेंडर और अब पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति पूरी तरह विफल हो चुकी है, जिसका खामियाजा देश की जनता भुगत रही है।

# कुमार विश्वास समेत आप नेताओं की सुनवाई टली

सुल्तानपुर एमपी-एमएलए कोर्ट में समन तामील नहीं हुआ, 5 जून को अगली सुनवाई

तमसा संकेत, एजेंसी



सुलतानपुर। आम आदमी पार्टी (AAP) के पूर्व नेता कुमार विश्वास, दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और विधायक सोमनाथ भारती से जुड़े एक मामले में सुल्तानपुर की MP-MLA कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई टल गई। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 5 जून की तारीख तय की है। अधिवक्ता मदन सिंह ने बताया कि कोर्ट ने तीनों नेताओं को समन जारी कर तलब किया था। हालांकि, शुक्रवार की सुनवाई के दौरान उनकी ओर से कोई भी अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुआ। अदालत को अभी तक यह रिपोर्ट भी नहीं मिली है कि आरोपियों को समन तामील हो चुका है। यह मामला साल 2014 के लोकसभा चुनाव से संबंधित है। उस दौरान अमेठी थाने में इन नेताओं के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने जांच पूरी कर आरोप पत्र दाखिल किया था। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में AAP ने अमेठी संसदीय क्षेत्र से राहुल गांधी के खिलाफ कुमार विश्वास को उम्मीदवार बनाया था। चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और बिना अनुमति के जनसभा व प्रदर्शन करने के आरोपों में पुलिस ने कुमार विश्वास, सत्येंद्र जैन और सोमनाथ भारती समेत अन्य नेताओं पर मुकदमा दर्ज किया था। शुरुआत में यह पत्रावली मुसाफिरखाना न्यायालय में लंबित थी। हाल ही में इसे सुल्तानपुर स्थित विशेष MP-MLA कोर्ट में स्थानांतरित किया गया है। कोर्ट की ओर से अब 5 जून को अगली सुनवाई निर्धारित की गई है। माना जा रहा है कि अगली तारीख पर समन तामील की रिपोर्ट और आरोपियों की ओर से पक्ष रखा जा सकता है।मामले को लेकर राजनीतिक और कानूनी हलकों में भी चर्चा बनी हुई है, क्योंकि यह मामला देश की चर्चित अमेठी लोकसभा सीट से जुड़े चुनाव प्रचार के दौरान दर्ज किया गया था।

# हाईटेक पार्किंग का डीएम ने किया निरीक्षण

राम मंदिर के पास 65 करोड़ से डॉरमेट्री, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का हो रहा निर्माण

तमसा संकेत, एजेंसी



अयोध्या जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने हाईटेक पार्किंग का निरीक्षण किया।

अयोध्या। अयोध्या में रामकोट और कटरा क्षेत्र में श्रीराम मंदिर के समीप निर्माणाधीन मैकेनाइज्ड स्मार्ट पार्किंग परियोजना का जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। करीब 65 करोड़ रुपए की लागत से विकसित हो रही इस परियोजना को रामनगरी में बढ़ते श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना को तय समयसीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर और व्यवस्थित पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। स्मार्ट पार्किंग परियोजना में कार पार्किंग के साथ डॉरमेट्री, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, पब्लिक टॉयलेट, सिक्योरिटी गार्ड रूम, सर्विस रूम, पंप रूम तथा फायर और डोमेस्टिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसके अलावा कार्यालय संबंधी व्यवस्थाएं भी बनाई जाएंगी। प्रशासन का मानना है कि परियोजना पूरी होने के बाद राममंदिर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था अधिक सुगम और व्यवस्थित होगी।

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर सोते समय युवक ने दबोचा, दांत से काटे होंठ और नाक

# दर्शन करने आई 5 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर एक बेहद शर्मनाक और संवेदनशील मामला सामने आया है। राम मंदिर दर्शन के लिए आए एक परिवार की पांच वर्षीय बच्ची के साथ कथित तौर पर अश्लील हरकत किए जाने का आरोप एक युवक पर लगा है। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है, जबकि जीआरपी ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी ने बताया कि पीड़िता के परिजन चेन्नई में रहते हैं और मामले की कानूनी पैरवी करने में असमर्थता जता रहे थे। ऐसे में समिति की ओर से परिवार की सहायता के लिए एक सहायक व्यक्ति नियुक्त किया गया है, जो जांच और कानूनी प्रक्रिया में सहयोग करेगा। इस घटना के बाद अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने-जाने वाले इस स्टेशन पर रात के समय सुरक्षा इंतजामों की निगरानी को लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तीर्थनगरी में आने वाले परिवारों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत है।



**बताया जा रहा है कि बच्ची अपने माता-पिता के साथ रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आई थी। परिवार रेलवे स्टेशन के कॉनकोर्स एरिया में रात के समय आराम कर रहा था। इसी दौरान तड़के एक युवक बच्ची को उठाकर सीढ़ियों के नीचे ले गया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। आरोपी ने बच्ची के होंठ और नाक पर दांत से काट भी लिया।**

## जीआरपी ने दर्ज किया मुकदमा

परिजनों की तहरीर के आधार पर जीआरपी ने आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस स्टेशन और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की गतिविधियों की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद बच्ची को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष पेश किया गया। वहां मनोसामाजिक परामर्शदाता द्वारा उसकी काउंसलिंग कराई गई, ताकि बच्ची मानसिक रूप से सामान्य हो सके।

## 11 मई की सुबह हुई घटना

पीड़िता की मां ने बताया कि वे मूल रूप से फूलपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं और वर्तमान में परिवार चेन्नई में रहता है। परिवार 10 मई को अयोध्या पहुंचा था।

रात में सभी लोग स्टेशन परिसर के ऊपर बने कॉनकोर्स पर सो रहे थे। महिला के अनुसार, 11 मई की भोर करीब 3:40 बजे एक संदिग्ध युवक उनकी पांच साल की बेटी को उठाकर नीचे ले गया। बच्ची के पिता को जब गतिविधि संदिग्ध लगी तो वह आरोपी के पीछे गए। वहां पहुंचकर उन्होंने देखा कि युवक बच्ची के साथ गलत हरकत कर रहा था और उसके चेहरे पर दांत से काट लिया था।

शोर मचाने पर बच्ची की मां भी मौके पर पहुंच गईं। इसके बाद दोनों ने मिलकर बच्ची को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। घटना के तुरंत बाद परिवार ने जीआरपी को सूचना दी।

विरोध : ओवैसी की लादेन से तुलना पर गुस्सा, राष्ट्रपति को भेजा मांग पत्र

# नितेश राणे के बयान पर सुल्तानपुर में एआईएमआईएम का प्रदर्शन

तमसा संकेत, एजेंसी

सुलतानपुर। सुलतानपुर में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे के बयान के विरोध में प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष सरफराज अहमद के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम छह सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में मंत्री नितेश राणे के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए उन्हें महाराष्ट्र मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त करने की मांग उठाई गई। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक मर्यादाओं के खिलाफ बताते हुए कहा कि यह बयान ओवैसी की छवि धूमिल करने की सोची-समझी साजिश का हिस्सा है।

**एआईएमआईएम नेताओं ने आरोप लगाया कि 11 मई को मीडिया से बातचीत के दौरान मंत्री नितेश राणे ने पार्टी को "आतंकवादी संगठन" बताया था। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी अध्यक्ष और सांसद असदुद्दीन ओवैसी की तुलना पूर्व अलकायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन से की थी।**





## मुकदमा दर्ज करने और सार्वजनिक माफी की मांग

AIMIM की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि मंत्री नितेश राणे के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्हें महाराष्ट्र सरकार के मंत्रिमंडल से हटाया जाए और सार्वजनिक रूप से असदुद्दीन ओवैसी तथा पार्टी कार्यकर्ताओं से माफी मांगने के निर्देश दिए जाएं। पार्टी नेताओं ने कहा कि AIMIM भारत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत राजनीतिक दल है।

## मदरसों पर टिप्पणी को लेकर भी जताया विरोध

ज्ञापन में मंत्री नितेश राणे द्वारा मदरसों को लेकर दिए गए कथित बयान का भी उल्लेख किया गया। AIMIM नेताओं ने आरोप लगाया कि मंत्री ने मदरसों को "आतंकवादियों का केंद्र" बताते हुए वहां किताबों की जगह बंदूकें मिलने का दावा किया था। पार्टी ने इन बयानों को भड़काऊ और तथ्यहीन बताते हुए कहा कि इससे समाज में वैमनस्य फैल सकता है। AIMIM ने इन टिप्पणियों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आई बाइक, तीन दोस्तों की दर्दनाक मौत

तमसा संकेत, एजेंसी



अमेठी। अमेठी तेज रफ्तार ट्रक ने शिवगंज गांव के पास कट के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में करन और अंकित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल अर्जुन को सुल्तानपुर जिला अस्पताल भेजा गया। वहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मुंशीगंज क्षेत्र के श्री का पुरवा निवासी करन (20) तथा सुल्तानपुर के कोतवाली नगर क्षेत्र के घसीटू का पुरवा निवासी अंकित (20) और अर्जुन (22) गांव में आयोजित बरीक्षा कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। देर रात तीनों एक ही बाइक से लौट रहे थे। शिवगंज गांव के पास कट के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में करन और अंकित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल अर्जुन को सुल्तानपुर जिला अस्पताल भेजा गया। वहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। ग्रामीणों के मुताबिक हादसे के समय ट्रक तेज रफ्तार में था। घटना के बाद चालक वाहन समेत रायबरेली की ओर चला गया। सूचना पर मुंशीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। थाना प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने का प्रस्ताव पास, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुए दो कीर्तिमान

# 899 ग्राम पंचायतों में एक साथ हुई ग्रीन चौपाल, अंबेडकरनगर ने बनाया रिकॉर्ड



**आयोजन**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। अंबेडकरनगर में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत को लेकर बड़े स्तर पर ग्रीन चौपाल का आयोजन किया गया। जिले की सभी 899 ग्राम पंचायतों में सुबह 9 बजे से 10 बजे तक एक साथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान पंचायतों ने पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने के प्रस्ताव पारित किए। जागरूकता कार्यक्रम" और दूसरा "सबसे कम समय में सबसे बड़ा ग्रीन चौपाल जागरूकता कार्यक्रम" के रूप में दर्ज हुआ।



### 30 जून तक पूरी होगी प्री-प्लांटेशन तैयारी

मानसून को देखते हुए पंचायतों में प्री-प्लांटेशन गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि स्थल चयन, गड्ढा खुदाई, मिट्टी कार्य और पौध संरक्षण की तैयारियां 30 जून तक पूरी की जाएंगी। इसके बाद मानसून और वृक्षारोपण महोत्सव के दौरान बड़े स्तर पर पौधरोपण कराया जाएगा।

### वृक्षारोपण और जल संरक्षण पर भी चर्चा

ग्रीन चौपाल में आगामी वृक्षारोपण महोत्सव को लेकर भी कार्ययोजना तैयार की गई। पंचायतों ने हर परिवार द्वारा कम से कम पांच पौधे लगाने और उनकी देखभाल सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इसके अलावा जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, गो-संरक्षण और स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाने पर भी चर्चा हुई। पंचायतों ने गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित कर उचित निस्तारण सुनिश्चित करने का प्रस्ताव भी पारित किया।



### प्रभारी मंत्री ने बताया बड़ा जनजागरूकता अभियान

प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने इस पहल को जनजागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में एक साथ आयोजित कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत के प्रति लोगों को जागरूक करने का बड़ा अभियान है। उन्होंने कहा कि साझा वाहनों, सार्वजनिक परिवहन और पर्यावरण अनुकूल साधनों के उपयोग से पेट्रोल और डीजल की खपत कम की जा सकती है। साथ ही लोगों से जरूरत के अनुसार ही वाहनों का इस्तेमाल करने की अपील की गई।



### पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने पर जोर

चौपाल के दौरान ग्राम प्रधानों ने पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने के लिए लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया। पंचायतों में पारित प्रस्तावों में जरूरत के अनुसार ही निजी वाहनों का उपयोग करने और सामूहिक परिवहन व्यवस्था को अपनाने पर जोर दिया गया।

### जैविक खेती और हरित तकनीक अपनाने की अपील

कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती, जैविक कृषि और मृदा संरक्षण आधारित तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया गया। किसानों को पराली और खुले में कचरा जलाने से बचने की सलाह दी गई। महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों और विद्यालयों की भागीदारी बढ़ाने पर भी सहमति बनी।

> ग्रीन चौपाल में पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत और हरित परिवहन को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। पंचायतों ने साझा वाहन व्यवस्था, कार पूलिंग, सार्वजनिक परिवहन और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लिया।

## मेधावी विद्यार्थियों से मिलीं डीएम ईशा प्रिया, करियर और सफलता पर की चर्चा

### हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के टॉप छात्रों को किया सम्मानित

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अंबेडकरनगर। अंबेडकरनगर में गुरुवार को जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने यूपी बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के मेधावी छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को आमंत्रित किया गया।इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्रों की सफलता, भविष्य की योजनाओं और करियर से जुड़े विषयों पर विस्तार से बातचीत की। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत करने की सलाह दी। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास से मिलती है। उन्होंने कहा कि छात्र अपने लक्ष्य के काफी करीब हैं और सही दिशा में लगातार प्रयास करने से बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ समय प्रबंधन और आत्मविश्वास बनाए रखने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने भविष्य के लक्ष्य भी साझा किए। कई छात्रों ने डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और सिविल सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की इच्छा जताई।जिलाधिकारी ने छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और करियर चयन को लेकर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य स्पष्ट होने पर मेहनत सही दिशा में होती है। यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में श्रेया, प्रेम प्रजापति, श्रुति पांडेय, खुशी और रेचल वर्मा कार्यक्रम में मौजूद रहीं। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में अमूल्या वर्मा, विकास कुमार और वंदना वर्मा ने भाग लिया।

**फास्ट न्यूज**

### सोशल मीडिया से मिला परिवार, 100 वर्षीय रिटायर्ड वायुसेना अधिकारी की घर वापसी

अंबेडकरनगर। अंबेडकरनगर में मानवता और सोशल मीडिया के उपयोग की एक मिसाल सामने आई। गुरुवार को बस अड्डे के पास करीब 100 वर्षीय बुजुर्ग असहाय हालत में बैठे मिले। वे लगभग आठ घंटे तक वहीं मौजूद रहे।स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी शिवम नामक व्यक्ति को दी। इसके बाद सूचना परम फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष धीरेंद्र पांडे तक पहुंची।

### सैदापुर में जल जीवन मिशन की पाइप लाइन में लीकेज

अंबेडकरनगर। अंबेडकरनगर के अकबरपुर विकासखंड स्थित सैदापुर गांव में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइप लाइन में लगातार लीकेज की समस्या सामने आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पाइप लाइन कई जगहों पर फट रही है, जिससे पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है।स्थानीय लोगों के अनुसार, कई बार मरम्मत के बावजूद समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हो पा रही है। इससे पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण बार-बार लीकेज की स्थिति बन रही है।

### एसपी कार्यालय में हुई जनसुनवाई

अंबेडकरनगर। अंबेडकरनगर में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें पुलिस अधीक्षक के सामने रखीं। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद और अन्य मामलों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## जिला पोषण समिति की बैठक में कुपोषण नियंत्रण पर जोर

### मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं और पोषण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अंबेडकरनगर में जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक कर मातृ-शिशु स्वास्थ्य और पोषण योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में कुपोषण नियंत्रण, आंगनबाड़ी सेवाओं और VHSND सत्रों के संचालन पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि Village Health Sanitation and Nutrition Day (VHSND) सत्रों का प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र बच्चों और महिलाओं तक समय पर पहुंचना चाहिए। बैठक में जिलाधिकारी ने 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों में कुपोषण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर गंभीर कुपोषित (SAM) और मध्यम कुपोषित (MAM) बच्चों का ग्रोथ चार्ट अनिवार्य रूप से तैयार किया जाए।उन्होंने कहा कि इन बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर लगातार नजर रखी जाए। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियमित रूप से घर-घर जाकर बच्चों और धात्री महिलाओं की स्थिति की जानकारी लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुपरवाइजर स्तर से इसकी निगरानी की जाए और जनपद स्तर पर नियमित फीडबैक लिया जाए।उन्होंने पोषण सामग्री के वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिए।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

### बसखारी पुलिस ने दरगाह के मलंग गेट से दबोचा, भेजा जेल

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अंबेडकरनगर के बसखारी थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती के साथ कई वर्षों तक दुष्कर्म करने के आरोप में फरार चल रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को शुक्रवार को दरगाह क्षेत्र के मलंग गेट के पास से पकड़ा गया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान शुभम गुप्ता पुत्र विनोद गुप्ता निवासी दरगाह रसूलपुर के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ युवती की तहरीर पर दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जानकारी के अनुसार बसखारी थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती और आरोपी के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था। आरोप है कि इस दौरान आरोपी शादी का भरोसा देकर युवती के साथ अलग-अलग स्थानों पर शारीरिक संबंध बनाता रहा।पीड़िता का आरोप है कि जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने विवाह करने से इनकार कर दिया। इसके बाद युवती ने पूरे मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। बसखारी पुलिस को शुक्रवार को सूचना मिली कि आरोपी दरगाह क्षेत्र के मलंग गेट के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी को थाने लाई, जहां आवश्यक पूछताछ और कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। बाद में उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## प्रभारी मंत्री और डीएम ने गांव पहुंचकर सौंपा चेक, एक लाख की बीमा राशि का भी आश्वासन

# आंधी में दीवार ढहने से महिला की मौत, चार लाख की सहायता

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। बेवाना थाना क्षेत्र स्थित कुढ़ा मुहम्मदगढ़ गांव में आंधी-तूफान के दौरान दीवार ढहने से जान गंवाने वाली महिला के परिजनों को प्रशासन की ओर से आर्थिक सहायता दी गई। प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव और जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने शुक्रवार को गांव पहुंचकर मृतका के परिवार को चार लाख रुपये का प्रतीकात्मक चेक सौंपा। मृतका शकुना देवी सब्जी बेचकर परिवार का पालन-पोषण करती थीं। जानकारी के अनुसार वह स्थानीय बाजार में सब्जी बेचने जा रही थीं। अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई तेजी से पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि सहायता राशि



समय पर उपलब्ध हो सके। डीएम ने घटना से जुड़े हालात की जानकारी ली और स्थानीय प्रशासन से रिपोर्ट भी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों से प्रभावित परिवार को शासन की अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने को भी कहा। दौरान तेज आंधी और बारिश के बीच एक दीवार भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की ओर से डीजल-पेट्रोल की खपत कम करने की अपील को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी और एडीएम वित्त एवं राजस्व एक ही वाहन से गांव पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों ने इसे संसाधनों के बेहतर उपयोग की दिशा में जरूरी कदम बताया।

## अभ्युदय केंद्र में 7 दिवसीय मॉक टेस्ट सम्पन्न, यूपीएससी अभ्यर्थियों को मिला मार्गदर्शन

### मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत परीक्षा की तैयारी को मिला नया आधार

- अधिकारियों ने समय प्रबंधन और रणनीति पर दिया जोर।
- परीक्षा लेखन और करियर काउंसलिंग पर चर्चा।

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। अंबेडकरनगर में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत UPSC अभ्यर्थियों के लिए आयोजित 7 दिवसीय मॉक टेस्ट कार्यक्रम का समापन हुआ। यह आयोजन बीएनपीजी कॉलेज केंद्र पर 9 मई से 15 मई 2026 तक चला।कार्यक्रम का उद्देश्य अभ्यर्थियों को सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के वास्तविक माहौल से परिचित कराना और उनकी तैयारी को मजबूत करना रहा। आगामी 24 मई 2026 को होने वाली UPSC प्रारंभिक परीक्षा




को देखते हुए यह पहल अहम मानी जा रही है। मॉक टेस्ट कार्यक्रम के दौरान कई प्रशासनिक अधिकारियों और विशेषज्ञों ने अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन दिया। पहले दिन प्रशिक्षु IAS थनीगईयरसन टी और जिला समाज कल्याण अधिकारी ने उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर परीक्षा रणनीति और समय प्रबंधन पर सुझाव दिए।अधिकारियों ने बताया कि सही रणनीति और नियमित अभ्यास से प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता संभव है। 11 मई को सदर उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा सिंह ने अभ्यर्थियों को प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा की तैयारी से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने उत्तर लेखन की गुणवत्ता और सामान्य गलतियों से बचने पर विशेष जोर दिया।13 मई को उपजिलाधिकारी विशाल सारस्वत ने करियर काउंसलिंग सत्र में छात्रों को संतुलित दिनचर्या अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ अन्य सकारात्मक गतिविधियां भी जरूरी हैं ताकि मानसिक दबाव कम रहे। समापन दिवस पर जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने अभ्युदय केंद्र का निरीक्षण किया और अभ्यर्थियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने छात्रों की तैयारियों की समीक्षा की और उनके सवालों का जवाब दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा को तनावपूर्ण न मानकर सकारात्मक दृष्टिकोण से तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने अधिक से अधिक मॉक टेस्ट हल करने और मानक पुस्तकों का चयन करने की सलाह दी।




# सम्पादकीय

## भारत के संकट में फिर साथ आया रूस



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रविवार की अपील के बाद पूरे देश में भाजपा नेताओं में होड़ मची है कि वे पेट्रोल-डीजल बचाने में खुद को पहले स्थान पर दिखाएं। कहीं कोई मोटर साइकिल से काम पर आने का वीडियो बनवा रहा है, कोई मेट्रो में सफर कर रहा है, किसी ने दिखाया कि हमने अपने काफिले में अब केवल चार गाड़ियां रखी हैं, तो कोई बता रहा है कि साल भर तक विदेश यात्रा नहीं करेंगे। हालांकि अब तक किसी भाजपा नेता ने ये नहीं बताया है कि वो या उनके परिजन सोना न खरीदने की बात पर भी अमल करेंगे या नहीं। क्योंकि सोना न खरीदने की अपील और सोने पर आयात शुल्क बढ़ाने के बाद भी सर्राफा बाजार में बीते दो दिन सोना जमकर बिका है। संपन्न उच्च वर्ग और उच्च मध्यम वर्ग जानता है कि प्रधानमंत्री ने सेंत-मेंत में बचत करने का प्रवचन नहीं दिया है। इसके पीछे कोई बड़ा कारण है, जो अभी देश को नहीं बताया जा रहा। इसलिए किसी भी आपात स्थिति की घोषणा से पहले ही अपना घर और तिजोरी भर ली जाए। इसलिए जिनके पास भी इतनी दौलत है कि वे बढ़ती महंगाई से बेपरवाह सोना-चांदी खरीद सकें, उन्होंने खरीद ली। इधर सरकार ने यह बता दिया है कि पिछले एक महीने में ही महंगाई दोगुनी से ज्यादा बढ़ गई है। ईंधन, बिजली और कच्चे पेट्रोलियम की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के चलते अप्रैल में थोक महंगाई दर बढ़कर 8.30प्रतिशत पहुंच गई। मार्च में यह 3.88प्रतिशत थी। अमूल और मदर डेयरी ने भी दूध में दो रूपए की बढ़ोतरी कर दी है। इस महंगाई का असर सीधे-सीधे रोज के भोजन-पानी पर पड़ने वाला है, यह अलग से बताने की जरूरत नहीं। आम जनता हर दिन इस महंगाई से जूझ ही रही है। अब न कोई रामदेव सामने आ रहे हैं जो बता सकें कि नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने पर कितना काला धन वापस आया और पेट्रोल-डीजल कितना सस्ता हुआ या रूपए की कीमत कितनी चढ़ी। क्योंकि 2014 से पहले रामदेव सरीखे जितने लोग ऐसे भ्रमित करने वाले बयान देते थे, उन सबके अपने हित सध चुके हैं। अब आम जनता की दुख-तकलीफ से किसी को कोई लेना-देना नहीं है। देश एक ऐसे कमजोर प्रधानमंत्री के शासन का खामियाजा भुगत रहा है, जो अपनी मर्जी से यह तय नहीं कर सकते कि हमें अपनी जरूरतों की पूर्ति के लिए कहां से तेल खरीदना है और कहां से नहीं। पाठक जानते हैं कि अमेरिका ने भारत पर रूस से तेल खरीदने की पाबंदी लगा दी है और बात न मानने पर टैरिफ थोपने की धमकी दी है। ईरान पर युद्ध के बाद जब होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग बंद हुआ और इस रास्ते से आने वाले तेल की आपूर्ति बाधित हुई तो अमेरिका ने सबसे पहले 5 मार्च को भारत के लिए एक विशेष छूट जारी की थी। इसके तहत भारतीय रिफाइनरों को जहाजों में लदे रूसी तेल को खरीदने की अनुमति दी गई थी। एक हफ्ते बाद अमेरिका की ओर से दी गई इस छूट का दायरा वैश्विक स्तर तक बढ़ा दिया गया। एक बार विस्तार मिलने के बाद अब यह छूट 16 मई को समाप्त होने वाली है। शनिवार यानी 16 मई के बाद अमेरिका की पाबंदियों में मिली छूट को अगर आगे नहीं बढ़ाया जाता है तो भारतीय तेल रिफाइनरों के लिए मुश्किल पैदा होगी। उन्हें रूसी कच्चे तेल का आयात कम करने पर मजबूर होना पड़ सकता है। अमेरिका से मिली छूट के कारण मई महीने में अब तक रूसी तेल का आयात रिकॉर्ड स्तर यानी 23 लाख बैरल प्रतिदिन रहा है। लेकिन, मॉस्को से कच्चा तेल लेकर अगर कोई नया जहाज भारत की ओर आता हुआ नहीं दिखता है तो स्थिति बदलेगी। उस स्थिति में पूरे महीने का कुल आयात घटकर 19 लाख बैरल प्रतिदिन तक गिर सकता है। जुलाई 2024 तक भारत के कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी बढ़कर 44.6 फ़ीसदी तक पहुंच गई थी। हालांकि, अमेरिकी दबाव और टैरिफ नीतियों के कारण जनवरी 2026 तक यह घटकर 20.6 प्रतिशत रह गई। यह बात पढ़ने-सुनने में ही कितनी अपमानजनक लगती है कि अमेरिका ने हमें कुछ दिनों की मोहलत दी कि हम रूस से तेल आयात करें और अब हम फिर उसी मोहलत के मोहताज बने हैं। मानो हम अमेरिका के कोई उपनिवेश हैं या ट्रंप हमारा शासक है। नरेन्द्र मोदी को इस समय कायदे से अमेरिका को भारत की स्वतंत्रता और संप्रभुता का पाठ पढ़ा देना चाहिए कि हमारे देश को इस समय रूस से तेल खरीदने की जरूरत है और हम ऐसा ही करेंगे। बस इसके आगे किसी और घुड़की में नहीं आना चाहिए। इस समय मोदी के लिए यह कहना मुमकिन हो भी सकता है, क्योंकि अब रूस ने भी भारत का साथ दिया है।

# महंगाई की मार, जनता लाचार

> सवाल है कि महंगाई से राहत कैसे मिले? ऐसा नहीं है कि महंगाई पर काबू पाने के लिए सरकार के पास कोई उपाय बचे नहीं हैं। लंबे समय से यह मांग उठ रही है कि केंद्र और राज्य सरकारें पेट्रोल और डीजल पर वसूले जाने करों को घटाएं।

मई 2026 में भारत में थोक महंगाई दर (WPI) बढ़कर 8।30% के उच्च स्तर पर पहुंच गई है, जिसने 42 महीने का रिकॉर्ड तोड़ा है। रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल और सब्जियों की बढ़ती कीमतों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। खाद्य पदार्थों में बेतहाशा वृद्धि से घरेलू बजट पूरी तरह से बिगड़ गया है, जिससे आम आदमी परेशान है। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच जिसका डर था वो हो गया। उसके बाद महंगाई डायन ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। आम आदमी पर दूध के बाद अब सीएनजी और पेट्रोल-डीजल वाली महंगाई की मार पड़ी है। जी हां, ईंधन संकट की आहट के बीच अब पेट्रोल-डीजल और सीएनजी की कीमतों में बड़ा इज़ाफा हो गया है। जिस बात को लेकर आशंका जताई जा रही थी, वह शुक्रवार को सच हो गया। पेट्रोल-डीजल के दाम में करीब तीन रुपए से अधिक की बढ़ोतरी हो गई है। वहीं, सीएनजी के दाम भी बढ़ गए हैं। जी हां, महंगाई से जूझ रहे आम आदमी को पिछले 48 घंटे में एक के बाद एक तीन बड़े झटके लगे हैं। पहले दूध के दाम बढ़े, फिर मुंबई में CNG महंगी हुई और अब पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो गई है। इतना ही नहीं, अब देशभर में भी सीएनजी के दाम में दो रुपए की बढ़ोतरी हो गई है। लगातार बढ़ती कीमतों ने घर के बजट पर नया दबाव डाल दिया है। रसोई से लेकर सफर तक हर चीज महंगी होती नजर आ रही है, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई है।आज पेट्रोल 3।14 प्रति लीटर महंगा होकर 97।77 तक पहुंच गया है, जबकि डीजल 3।11 प्रति लीटर बढ़कर 90।67 हो गया है। दरअसल ईरान जंग का असर पूरी दुनिया में दिख रहा है। भारत में महंगाई भी उसी का असर है। सबसे पहले परसों यानी बुधवार को दूध महंगा हुआ था। उसके ठीक बाद कल यानी गुरुवार को मुंबई में CNG के दाम बढ़ गए। अब आज यानी शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल के रेट भी बढ़ गए हैं। इस तरह महज 48 घंटे में तीन बड़े झटके लगने से घरेलू बजट बिगड़ गया है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ेंगे, इसकी आशंका जताई जा रही थी। खुद सरकार भी इसे मान रही थी। तभी तो पीएम मोदी ने पेट्रोल-डीजल बचाने की लोगों से अपील की थी। वह खुद भी कम गाड़ियों वाले काफिले से चल रहे हैं। ऐसे में अब आम आदमी की जेब पर बोझ बढ़ना तय है। पहला झटका तब लगा जब दूध कंपनियों ने कीमतों में इजाफा किया। अमूल, मदर डेयरी समेत कई बड़े ब्रांड्स ने दूध के दाम प्रति लीटर 2 रुपये तक बढ़ा दिए हैं। कंपनियों का कहना है कि पशुओं के चारे, ट्रांसपोर्ट और उत्पादन लागत बढ़ने की वजह से यह फैसला लेना पड़ा। लेकिन इसका सीधा असर आम परिवारों पर पड़ रहा है। दूध हर घर की जरूरत है और इसकी कीमत बढ़ने से चाय, दही, घी और मिठाई जैसी चीजें भी महंगी हो सकती हैं। दूध की कीमत बढ़ने के बाद अब CNG के दाम भी बढ़ा दिए गए। पहले मुंबई में सीएनजी महंगी हुई, अब देशभर में हो गई है। एमजीएल यानी मुंबई गैस लिमिटेड ने CNG कीमत 2 रुपये बढ़ाकर 84 रुपये किलो कर दी। अब तो देश में 2 रुपए किलो सीएनजी महंगी हो गई। इसके बाद CNG से चलने वाले ऑटो, टैक्सी और निजी वाहनों का खर्च बढ़ गया है। माना जा रहा है कि इसका असर जल्द ही लोकल ट्रांसपोर्ट के किराए पर भी दिख सकता है।




रोजाना सफर करने वाले लाखों लोगों के लिए यह बढ़ोतरी परेशानी बढ़ाने वाली है। तीसरा झटका और सबसे तगड़ा झटका तब लगा जब अब पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। तेल कंपनियों की ओर से जारी नई कीमतों के बाद कई शहरों में पेट्रोल और डीजल महंगे हो गए हैं। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का असर सिर्फ वाहन चलाने वालों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका असर हर चीज पर पड़ता है। ट्रांसपोर्ट महंगा होने से सब्जियों, राशन और रोजमर्रा के सामान की कीमतें भी बढ़ सकती हैं। हालांकि, पेट्रोल-डीजल के दाम में अभी और बढ़ोतरी होने की आशंका थी कारण कि पश्चिम एशिया और होर्मुज का संकट टला नहीं है। अगर पश्चिम एशिया में स्थिति ऐसी ही रही तो आगे और बढ़ोतरी हो सकती है। पेट्रोल-डीजल महंगा होने से ट्रांसपोर्ट का खर्चा बढ़ेगा, जिससे सब्जी, फल, अनाज जैसी रोजमर्रा की चीजें भी महंगी हो जाएंगी। डीजल पर निर्भर ट्रक, बस और ट्रैक्टर प्रभावित होंगे। बढ़ती महंगाई खासतौर पर मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों के लिए यह स्थिति मुश्किल पैदा कर रही है। सरकार और कंपनियों की ओर से बढ़ी कीमतों के पीछे अंतरराष्ट्रीय बाजार, कच्चे तेल की कीमत और बढ़ती लागत को वजह बताया जा रहा है। तेल कंपनियां पश्चिम एशिया संकट के कारण घाटे में चल रही है। होर्मुज बंद होने से सप्लाई चेन प्रभावित हो गया है। इस वजह से दाम बढ़े हैं। लेकिन आम लोगों के लिए इससे राहत की कोई खबर फिलहाल नजर नहीं आ रही। अब लोगों के मन में सवाल है कि क्या अब एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ेंगे? इसके अलावा शायद ही कोई ऐसी वस्तु हो।

**अशोक भाटिया**

## जन सुराज का...

ललित गर्ग

# कब तक दोहराई जाती रहेंगी निर्भया जैसी त्रासदियां?

दिल्ली के नांगलोई में एक निजी बस के भीतर महिला के साथ हुई बस कंडक्टर एवं ड्राइवर के दुष्कर्म की घटना ने एक बार फिर पूरे देश की चेतना को झकझोर दिया है। यह घटना केवल एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि उस भयावह सामाजिक और प्रशासनिक विफलता का आईना है, जो वर्षों से हमारे सामने खड़ी है। चौदह वर्ष पहले निर्भया कांड के बाद देश की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ा था। लोगों ने सोचा था कि अब व्यवस्था बदलेगी, कानून सख्त होंगे, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और समाज अपनी सोच बदलेगा। लेकिन आज जब उसी प्रकार की घटनाएं पुनः पुनः सामने आती हैं, तब यह प्रश्न और भी तीखा होकर उठता है कि आखिर हम बदले कहां हैं? सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर बार-बार ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं? इसका उत्तर केवल कानून की कमजोरी में नहीं, बल्कि समाज की उस विकृत मानसिकता में छिपा है, जहां महिला को आज भी बराबरी के सम्मान के साथ नहीं देखा जाता। आधुनिकता के चमकदार दावों के बीच भी पुरुष प्रधान सोच का अंधेरा जस का तस मौजूद है। महिलाओं को व्यक्ति नहीं, बल्कि उपभोग की वस्तु मानने वाली सोच आज भी अनेक मन-मस्तिष्कों में गहराई तक बैठी हुई है। यही कारण है कि सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों,



स्कूल-कॉलेजों और यहां तक कि घरों के भीतर भी महिलाएं असुरक्षा का अनुभव करती हैं। विडंबना यह है कि विज्ञान, तकनीक और आर्थिक विकास के इस दौर में भी समाज स्त्री के सम्मान और सुरक्षा के बुनियादी संस्कार विकसित नहीं कर पाया। बच्चों को शिक्षा तो दी जा रही है, लेकिन संवेदनाएं नहीं दी जा रहीं। घरों में बेटियों पर नियंत्रण और बेटों को छूट देने वाली मानसिकता आज भी कायम है। एक ओर लड़कियों को "सावधान रहने" की नसीहत दी जाती है, दूसरी ओर लड़कों को अपने व्यवहार और दृष्टि की मर्यादा सिखाने की गंभीर कोशिश बहुत कम दिखाई देती है। यही असंतुलन आगे चलकर अपराधों की जमीन तैयार करता है। प्रश्न यह भी है कि प्रशासन बार-बार ऐसी घटनाओं को रोकने में नाकाम क्यों हो रहा है? निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे किए गए थे। सीसीटीवी कैमरे, महिला हेल्पलाइन, फास्ट ट्रैक कोर्ट, पुलिस गश्त और सार्वजनिक परिवहन में सुरक्षा उपायों की लंबी घोषणाएं हुईं। लेकिन वास्तविकता यह है कि इन व्यवस्थाओं का बड़ा हिस्सा कागजों और भाषणों तक सीमित रह गया। निजी बसें आज भी बिना पर्याप्त निगरानी के चल रही हैं। कई स्थानों पर चालक और परिचालकों का समुचित सत्यापन तक नहीं होता। सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन अक्सर केवल औपचारिकता बनकर रह जाता है। दुनियाभर में बालिकाओं के अस्तित्व एवं अस्मिता के लिये जागरूकता एवं आन्दोलनों के बावजूद बालिकाओं पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। हमारे देश में भी ऐसा ही हो रहा है, बालिकाओं की स्थिति, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, तलाक के बढ़ते मामले, गांवों में बालिका की अशिक्षा, कुपोषण एवं शोषण, बालिकाओं की सुरक्षा, बालिकाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराधों पर प्रभावी चर्चा एवं कठोर निर्णयों से एक सार्थक वातावरण का निर्माण किये जाने की अपेक्षा है। क्योंकि एक टीस-सी मन में उठती है कि आखिर महिलाएं एवं बालिकाओं कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा? सच्चाई यह है कि हमारी व्यवस्था अपराध होने के बाद सक्रिय होती है, अपराध रोकने के लिये नहीं। हर बार घटना के बाद गिरफ्तारी, जांच और बयानबाजी होती है, लेकिन अपराध की जड़ों तक पहुंचने की गंभीर पहल नहीं दिखाई देती। राजनीतिक दल कुछ दिनों तक आरोप-प्रत्यारोप करते हैं, मीडिया में बहस चलती है और फिर धीरे-धीरे सब कुछ सामान्य मान लिया जाता है। लेकिन जिन परिवारों की बेटियां इस अमानवीयता का शिकार होती हैं, उनके जीवन में भय, पीड़ा और असुरक्षा स्थायी घाव बनकर रह जाते हैं। यह भी विचारणीय है कि आखिर महिलाएं और बालिकाएं बार-बार ऐसे अत्याचारों का शिकार क्यों बन रही हैं? इसका कारण केवल अपराधियों की क्रूरता नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनहीनता भी है। सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सामूहिक जिम्मेदारी का अभाव दिखाई देता है। लोग तमाशबीन बन जाते हैं। कई बार पीड़िता को ही कठघरे में खड़ा कर दिया जाता है-उसके कपड़े, समय, जीवनशैली और व्यवहार पर सवाल उठाए जाते हैं। यह मानसिकता अपराधियों का मनोबल बढ़ाती है।

## आज संघ की....

राकेश सैन

# गनतंत्र' के बाद 'गणतंत्र' : वामपंथ का सर्वविधिक पतन

पांच राज्यों के चुनाव परिणामों के बाद एक चुटकला सुनने को मिला कि एक व्यक्ति ने अपने मित्र से कहा केरल में भी वामपंथ खत्म हो गया। मित्र ने जवाब दिया, ये तीन दिन पुरानी खबर है। इस पर पहले मित्र ने कहा, खबर तो पुरानी है पर सुनने में कितनी अच्छी लगती है। केरल में वामपंथी सरकार की विदाई ऐसा समाचार है जो बंगाल, त्रिपुरा और पंजाब के बाद पूरे देश में कम्युनिस्टों के पतन की कहानी का अंतिम अध्याय मानी जा रही है। 5 अप्रैल, 1957 का दिन भारतीय राजनीति के लिए एक ऐसा मोड़ था, जिसने दुनिया को चौंका दिया। इस दिन इलम कुलम मनक्कलम शंकरन नंबूद-रीपाद ने केरल के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। 31 जुलाई, 1959 को कांग्रेस के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने 28 महीने पुरानी एक चुनी हुई सरकार का गला घोंट दिया लेकिन केरल सरकार की बर्खास्तगी के बाद कम्युनिस्टों की कहानी खत्म नहीं हुई परंतु इस घटना के 69 साल बाद अब ये प्रश्न पूछा जाने लगा है कि क्या लाल झंडा अब केवल इतिहास और पुरानी तस्वीरों में सिमट गया? केरल के 2026 के चुनावी नतीजों ने पूरे देश को चौंका दिया। इसी साल मार्च महीने में नक्सलवाद के खात्मे और अब दो माह बाद केरल में वाम सरकार का खात्मा हो गया। यानी कम्युनिस्टों का 'गनतंत्र' भी परास्त और 'गणतंत्र' भी। केरल ही नहीं, बात बंगाल की भी हो रही है जहां पर कभी इनका राज अटूट था। 34 सालों तक यह बंगाल में रहे लेकिन आज वहां पूरी तरह गायब हो गए। बंगाल और त्रिपुरा के बाद एक आखिरी लड़ाई केरल की बची थी। वहां भी कहानी खत्म हो गई



है। पांच राज्यों के इन चुनावी नतीजों के साथ भारत कम्युनिस्ट मुक्त हो गया। एक भी राज्य में अब लाल सलाम वाले सत्ता नहीं है। यह सिर्फ हार नहीं, एक विदेशी भूमि पर पनपी विचारधारा के पतन की कहानी है। पतन क्यों हुआ, क्या ये समय के साथ अपने को बदल नहीं पाए या ये कभी देश की मिट्टी से जुड़े ही नहीं थे। क्या छद्मधर्मनिरपेक्षता के नाम पर बहुसंख्यक विरोध, देश की सांस्कृतिक पहचान से शत्रुता इन्हें भारी पड़ी? यह कहानी सिर्फ केरल की नहीं है। यह भारत में सत्ता के नक्शे से एक विदेशी रंग के मिटने की कहानी है। आज से करीब 100 साल पहले 1925 में देश में दो वैचारिक संगठन बने। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया। संघ ने राष्ट्रीय पहचान के साथ जुडने का मार्ग चुना तो वामपंथियों ने इसके विपरीत। आज संघ की देश में 85 हजार से अधिक शाखाएं, डेढ़ लाख से अधिक सेवा कार्य, अनुषंगिक संगठनों के लाखों कार्यकर्ता इसे दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन बनाते हैं। संघ के वैचारिक परिवार से जुड़ी भाजपा की आज देश के 17 राज्यों में सरकार में है। साथ ही लगातार तीन लोकसभा चुनाव जीतकर केंद्र में भी सरकार में है।


## जरा हटके

## बावजूद इसके ...

डा. रमेश ठाकुर

# बड़ी मछलियों तक 'पेपर लीक कांड' की जांच पहुंचने के आसान कम?

'नीट प्रश्नपत्र लीक' मामले में धर पकड़ जारी है। पड़ताल का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया है। राजस्थान से कुछ आरोपी गिरफ्तार हुए हैं लेकिन जो आरोपी पकड़े गए हैं वह सियासत से संबंध रखते हैं। पुलिस अभिरक्षा में उनका सार्वजनिक रूप से मीडिया के कैमरों पर बोलना कि वह तो मोहरे मात्र हैं। खिलाड़ी तो कोई और ही हैं, वह बडे़-बड़े स्तर के? आरोपियों के मुख से निकले ये शब्द निश्चित रूप से निष्पिक्ष जांच की उम्मीदों पर ग्रहण लगाने के लिए प्याप्त हैं। यहीं से मुकम्मल जांच की उम्मीदें टूटती दिखाई पड़ती हैं। साढ़े 22 लाख परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ हुआ इतना बड़ा खिलवाड़ भी क्या एक कहानी बनकर सरकारी फाइलों में सिमट जाएगा? करोड़ों लोग नीट परीक्षा लीक कांड की जांच को अब धूमिल होते देख रहे हैं। तसल्ली उन अभिभावकों को भी कर लेनी चाहिए जो न्याय की उम्मीद लिए बैठे हैं। निष्पक्ष जांच-पड़ताल की आस अब इसलिए भी नहीं की जा सकती क्योंकि पूरा सिस्टम जांच छोड़कर, बड़ी मछलियों को बचाने में ही जुटेगा। ऐसा इस बार नहीं, पिछले तकरीबन सभी पेपर लीक कांडों में हुआ। नीट दाखिला परीक्षा है, भर्ती की पूरी की पूरी परीक्षा भारत में लीक होने लगी हैं। बावजूद इसके केंद्रीय हुकूमत कोई ऐसा उपाय नहीं कर पा रही जिससे परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ किया जाने वाला खिलवाड़ रूक सके। पिछले 7 वर्षों में यानी 2019 से लेकर 2026 मई तक,



भारत में विभिन्न स्तरीय प्रतियोगी लगभग 70 परीक्षाओं के पेपर लीक हुए। आज तक किसी मामले की जांच न पूरी हुई और ना किसी मामले में न्याय हुआ। प्रत्येक मामलों में छोटे स्तर के कर्मचारी ही पकडे.गए जिन्हें कुछ महीनों बाद या एकाध वर्षों में जमानत मिल गई। सबसे पहले दाखिला परीक्षा कराने वाली एनटीए को उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर देना चाहिए। एनटीए का कार्य इसलिए भी अब संतोषजनक नहीं क्योंकि वह पुराने तौर-तरीकों को अभी भी अपनाती है। अपने सिस्टम को रिफॉर्म भी नहीं करती। विश्व की प्रतिष्ठित भरोसेमंद परीक्षाओं से भी कुछ नहीं सीखती। इंटरनेट-कंप्यूटर के जमाने में भी प्रश्न पत्र मुद्रित करके परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाने में विश्वास करती है। अगर ऐसा ही करना है तो प्रशपपत्रों के सेट बदले हुए और अलग-अलग होने चाहिए ताकि किसी तरह की गड़बड़ी की संभावनाएं न हो। अगर खुदा ना खास्ता कुछ हो भी, तो पूरी परीक्षा रद ना की जाए, सिर्फ उसी सेंटर पर दोबारा परीक्षा करवाई जाए, जहां कुछ गड़बड़ी हुई हो? अगर ऐसे आधुनिक तरीके अपनाए जाते तो परीक्षार्थियों के साथ खिलवाड़ न होता। केंद्र से लेकर राज्य सरकारें भी अच्छे से जानती हैं कि भारत में आयोजित होने वाली हर चौथी प्रतियोगी परीक्षा का पेपर का लीक होता है जिसमें पुलिस भर्ती और शिक्षा परीक्षाएं कुख्यात हैं जबकि, नीट परीक्षा नौकरी या भर्ती की परीक्षा नहीं होती, मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए आयोजित होती है उसमें भी सेंधमारी, हद है? गौरतलब है अगर पूर्ववर्ती पेपर लीक मामलों में सख्ती और स्वतंत्र-निष्पक्ष जांच हुई होती और आरोपियों के नाम सार्वजनिक किए गए होते और सजा के तौर पर उम्रकैद या मोटा हर्जाना वसूला गया होता, तो ऐसे कांड करने वाले भय खाते, डरते। भविष्य में गड़बड़ी करने से तौबा भी करते लेकिन लचीला कानून-प्रशासन का उदार रवैया और कमजोर सजा-जुर्माने से आरोपी तनिक भी नहीं डरते। एक कांड करते हैं, दूसरे की तैयारी में लगे होते हैं। फिलहाल मौजूदा नीट पेपर कांड पहला दोष तो परीक्षा कराने वाली संस्था 'नेशनल टेस्टिंग एजेंसी' यानी एनटीए का ही है। मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश की पात्रता परीक्षा नीट के सवाल लीक होने से पूरी परीक्षा रद्द करने की मजबूरी जितनी शर्मनाक है, उतनी ही चिंताजनक। एनटीए का गठन 2017 में हुआ, तब से लेकर आज तक इस संस्था की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में रही। 5 मई 2024 को भी जब इसी नीट परीक्षा में गडबड़झाला हुआ और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था। तब संस्था ने भविष्य में इस तरह की गलती दोबारा न करने का आश्वासन न सिर्फ अदालत को दिया था बल्कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को भी भरोषा दिया था पर, बेशर्मी देखिए मात्र 24 महीनों बाद भी उससे पहले से भी बड़ा कांड़ कर दिया। पिछली दफा इन्होंने कई छात्रों को पूरे-पूरे 720 नंबर दे डाले थे जबकि वो सभी छात्र पढ़ने में सामान्य थे. उनके मुकाबले टापरों को उनसे कहीं कम नंबर दिए गए थे। इस बार तो उससे भी बड़ा ब्लंडर हुआ। पेपर लीक की सूचना सबसे पहले राजस्थान से बाहर निकली जहां, कई छात्रों के पास 140 से अधिक परीक्षा के मूल प्रश्नों से हूबहू प्रश्न गेस पेपरों में मिले। लीक प्रश्नों पर सबसे पहले एनटीए की ओर से सफाई दी गई कि प्रश्न प्रिटिंग प्रेस से लीक हुए जबकि, सभी जानते हैं कि जहां पेपरों की छपाई होती है जहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता। बेहद गुप्त स्थान होता है और वहां के कर्मचारियों को फोन तक रखने की इजाजत नहीं होती।

## सपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं से बोले- महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के लिए भाजपा जिम्मेदार

# ‘2027 लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा’

**संबोधन**

अरमान

तमसा संकेत, लखनऊ। अखिलेश यादव ने कहा है कि वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का चुनाव नहीं बल्कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई होगा। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार की नीतियों से जनता पूरी तरह परेशान हो चुकी है और अब प्रदेश में बदलाव का माहौल बन चुका है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शुक्रवार को समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं, नेताओं और समर्थकों से मुलाकात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों, महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था के मुद्दों पर जमकर हमला बोला।

सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के नौ वर्षों में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि हर विभाग में कमीशनखोरी और अनियमितताओं की शिकायतें सामने आ रही हैं। जनता के टैक्स के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है और सरकारी योजनाएं केवल प्रचार तक सीमित होकर रह गई हैं।



### ‘महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी’

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों ने देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को कमजोर कर दिया है। लगातार बढ़ती महंगाई से गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस, खाद्य सामग्री, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजमर्रा की जरूरतों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जबकि लोगों की आमदनी नहीं बढ़ रही। उन्होंने समाजवादी विचारक डॉ. राममनोहर लोहिया की “दाम बांधो नीति” का उल्लेख करते हुए कहा कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण करके ही जनता को राहत दी जा सकती है। सरकार को ऐसी नीतियां बनानी चाहिए जिससे आमदनी और खर्च के बीच संतुलन बना रहे।

### ‘देश इस समय संकट के दौर से गुजर रहा है’

अखिलेश यादव ने कहा कि देश इस समय संकट के दौर से गुजर रहा है और भाजपा सरकार की नीतियों ने अर्थव्यवस्था को कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में महंगाई लगातार बढ़ेगी और आम जनता पर आर्थिक बोझ और बढ़ेगा। सपा प्रमुख ने कहा कि डॉ. राममनोहर लोहिया की ‘दाम बांधो नीति’ ही महंगाई पर नियंत्रण का प्रभावी रास्ता है। उन्होंने कहा कि आमदनी और खर्च के बीच संतुलन होना चाहिए तथा अनियंत्रित लूट पर रोक लगनी चाहिए।

- भाजपा के खिलाफ पीडीए पूरी तरह एकजुट है और यही गठबंधन प्रदेश में बदलाव का माध्यम बनेगा।
- अखिलेश यादव ने दावा किया कि जनता अब भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे को समझ चुकी है तथा वर्ष 2027 में भाजपा का सफाया तय है।



> महिला आरक्षण कानून का जिक्र करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक संसद में पारित होकर कानून बन चुका है, इसलिए इसे वर्ष 2027 के चुनाव में तत्काल लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने भाजपा पर महिलाओं को गुमराह करने का आरोप भी लगाया।

### कार्यकर्ताओं को दी संयमित व्यवहार की नसीहत

सपा प्रमुख ने कार्यकर्ताओं से अनुशासन और संयम बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की भाषा और व्यवहार ऐसा होना चाहिए जिससे किसी को कष्ट न पहुंचे। भाजपा समाजवादी पार्टी को बदनाम करने की साजिश करती रहती है, इसलिए सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को सतर्क रहना होगा।

### ‘महिला आरक्षण तुरंत लागू करे सरकार’

अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण कानून का जिक्र करते हुए कहा कि संसद में कानून बनने के बाद इसे वर्ष 2027 के चुनाव में लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा महिलाओं को केवल चुनावी मुद्दा बनाकर इस्तेमाल करना चाहती है, जबकि उन्हें वास्तविक अधिकार देने के मामले में गंभीर नहीं है।

# मंत्रालय बंटवारे में देरी पर अखिलेश यादव का हमला

## बोले- क्या अब मंत्रियों के विभागों की ‘पर्ची’ भी ऊपर से आएगी, जनता रखेगी निगरानी

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्रालयों के बंटवारे में हो रही देरी को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि पहले मंत्रियों के नाम ऊपर से तय होते थे, अब क्या उनके विभागों की ‘पर्ची’ भी ऊपर से ही आएगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्रालयों के बंटवारे में देरी की असली वजह ‘कमीशन और कमाई’ के बंटवारे को लेकर डबल इंजन सरकार के बीच टकराव है। अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि लंबे इंतजार के बाद मंत्री बने लोग फिलहाल केवल दर्शक दीर्घा में बैठे हुए हैं और सत्ता के भीतर चल रही खींचतान देख रहे हैं।

सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार में कुछ चुनिंदा लोग ही फैसले लेते हैं और बाकी मंत्रियों की भूमिका सीमित होकर रह जाती है। उन्होंने कहा कि जनता अब नए मंत्रियों के कामकाज पर पूरी निगरानी रखेगी ताकि भ्रष्टाचार और सरकारी धन के दुरुपयोग को रोका जा सके। अखिलेश यादव ने दावा किया कि जनता अब सोशल मीडिया और सिटिजन जर्नलिज्म के जरिए भ्रष्टाचार के मामलों के ऑडियो-वीडियो और दस्तावेजी सबूत जुटाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार रोकने वाले संस्थानों को भाजपा सरकार ने कमजोर कर दिया है, इसलिए जनता खुद निगरानी की भूमिका निभाने को मजबूर है।



## अखिलेश ब्राह्मणों से माफी मांगें प्रायश्चित करें : मायावती

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती, सपा नेता राजकुमार भाटी के ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी करने पर भड़क गईं। उन्होंने शुक्रवार को 'X' पर लिखा- सपा प्रवक्ता का बयान गैर-जिम्मेदाराना है। सपा मुखिया तुरंत इसका संज्ञान लें और ब्राह्मण समाज से क्षमा मांगे और पश्चाताप करें। उन्होंने कहा-सपा का जातिवादी चाल और चरित्र अभी बदला नहीं है, बल्कि और ज्यादा गहरा हुआ है। इस बयान से पूरे ब्राह्मण समाज के स्वाभिमान को गहरी ठेस पहुंची है। दरअसल, 2 दिन पहले राजकुमार भाटी का एक वीडियो सामने आया था। इसमें उन्होंने मुहावरा सुनाया था। कहा- ब्राह्मण भला न वेश्या, इनमें भला न कोय। और कोई-कोई वेश्या तो भली, ब्राह्मण भला न कोय । मतलब- ब्राह्मण वेश्याओं से ज्यादा खराब हैं। उनके बयान पर वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन और ब्राह्मण समाज ने नाराजगी जताई थी। इसके बाद उन्होंने वीडियो जारी कर मांफी मांगी थी।

## मंत्री दानिश आजाद ने छोड़ी कार बुलेट से पहुंचे कार्यालय

लखनऊ। अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद आज बुलेट से अपने कार्यालय पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पेट्रोल-डीजल की बचत करने की अपील पर उन्होंने ऐसा किया। उनका पीएसओ और पीएस दूसरी बाइक से कार्यालय पहुंचे। उनके अंगरक्षक और पीएसओ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर उन्होंने ऐसा किया। इस मौके पर दानिश आजाद ने कहा कि हम सभी लोगों को देश हित में कम से कम पेट्रोल-डीजल खर्च करना चाहिए। राज्य मंत्री दानिश आजाद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से ईंधन बचाने की अपील की है। यह हम सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि उसका अधिक से अधिक पालन करें। प्रधानमंत्री ने सिर्फ कहा नहीं बल्कि करके भी दिखाया। उन्होंने अपनी फ्लीट में भी गाड़ियां काम करवा दी हैं। योगी सरकार भी बढ़ चलकर इसमें हिस्सा ले रही है। हम सभी लोग ईंधन बचाकर कम से कम संसाधन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## विरोध : भाजपा महिला मोर्चा ने कलेक्ट्रेट घेरा

**लखनऊ।** लखनऊ कलेक्ट्रेट में भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन नरेंद्र मोदी के खिलाफ समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा की गई टिप्पणी के विरोध में किया गया। प्रदर्शन के दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। सपा सांसद माफी मांगो और शर्म करो के नारे लगाए। और सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया और मीडिया प्रभारी चेतना पांडे ने विरोध जताते हुए सांसद को बर्खास्त करने की मांग की। चेतना पांडे ने कहा कि सपा सांसद का बयान पार्टी के चरित्र को दर्शाता है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106–टेली / टेंडर / 03 / 2026–27 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के रायबरेली स्टेशन पर ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, यात्री सुविधा उपकरण और जीपीएस घड़ियों का संवर्धन / उन्नयन के प्रावधान का कार्य। |
| अनुमानित लागत | रू 1,60,84,887.97 / – |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रू 3,21,700.00 / – |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 04/06/2026 at 15:30 hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

**निविदा सू०सं०–106–टेली / टेंडर / 03 / 2026–27** **दिनांक: 14.05.2026**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ** 1627/26



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा नोटिस**

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निविदा संख्या 154-Dy.CEE-C-LKO-2026-27 IREPS की वेबसाइट यानी **http://www.ireps.gov.in** पर समापन तिथि **08.06.2026** समय (15:00 Hrs) दो पैकेट प्रणाली के तहत ‘ई–टेंडर’ आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| NIT. संख्या | **154-Dy.CEE-C-LKO-2026-27 दिनांक 15.05.2026** |
| निविदा संख्या | **154-Dy.CEE-C-LKO-2026-27** |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में निम्नलिखित कार्यों के संबंध में 25 केवी, 50 हर्ट्ज सिंगल फेज एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करने का कार्य: (i) बरसेठी हॉल्ट को क्रॉसिंग स्टेशन में परिवर्तित करना। (ii) सलखापुर हॉल्ट को क्रॉसिंग स्टेशन में परिवर्तित करना। (iii) वाराणसी स्टेशन पर काशी छोर और लोहता छोर पर एक–एक मद 1x25 केवी एसएसपी का निर्माण, साथ ही संबंधित ओएचई संशोधन का कार्य। |
| निविदा प्रपत्र लागत | कुछ नहीं। |
| लगभग निविदा मूल्य | रु. 10,01,82,281.85/- (दस करोड़ एक लाख बयासी हजार दो सौ इक्यासी रूपये और पचासी पैसे मात्र) |
| बोली सुरक्षा | रु. 20,03,700/- (बीस लाख तीन हजार सात सौ रूपये मात्र) |
| समापन की अवधि | 18 (अठारह) माह |
| ऑफर की वैधता | 90 दिन |
| IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक | 15.05.2026 |
| जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन / परिशिष्ट / संशोधित तिथि नोट कर सकता है | 25.05.2026 |
| निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय | 08.06.2026 (15:00 Hrs.) |
| पात्रता मापदंड | निविदा दस्तावेज के अनुसार। |

**ध्यान दें** : 1. ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। 2. सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। “अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्ट टेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू–मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।“

**टेंडर नोटिस www.ireps.gov.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है।**

**No. 154-Dy.CEE-C-LKO-2026-27 दिनांक 15.05.2026** **1635/2026**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


## ट्रॉली बैग में शव भरकर फेंका, गुमशुदगी दर्ज कराने थाने पहुंचा तो दबोचा गया

# अफेयर के शक में पत्नी की हत्या

- शव से भरा बैग ई-रिक्शा पर लादकर इंदिरा डैम ले गया
- पुलिस ने यास्मीन के शव को पोस्टमॉर्टम भेजा। उसके परिजन पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे।

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में अफेयर के शक में युवक ने पत्नी की हत्या कर दी। शव को ट्रॉली बैग में भरकर इंदिरा डैम के पास फेंक दिया। इसके बाद थाने पहुंचकर पत्नी के लापता होने की सूचना दी। बार-बार बयान बदलने पर पुलिस को उस पर शक हुआ। कड़ाई से पूछताछ में उसने पत्नी की हत्या करने की बात कबूल की।



### रात में हुआ विवाद, तड़के हत्या कर दी

सब्जी कारोबारी मोहम्मद सईदद मूल रूप से सीतापुर के रहने वाले हैं। करीब 8 साल से चिनहट में परिवार के साथ रहते हैं। उनकी बेटी यास्मीन की 6 साल पहले चिनहट के अल्ताफ उर्फ कल्लू से शादी हुई थी। दोनों की 1 बेटी और 1 बेटा है। 14 मई की सुबह करीब 8 बजे अल्ताफ चिनहट थाने पहुंचा। पुलिस को पत्नी यास्मीन के लापता होने की सूचना दी। पुलिस ने उससे यास्मीन के बारे में कुछ सवाल किए तो उसने कई बार बयान बदले। इस पर पुलिस को उस पर शक हुआ। पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की। इस पर उसने बताया- मुझे शक था कि यास्मीन का करीबी रिश्तेदार से अफेयर है।

### पुलिस को बैग में भरा शव बरामद हुआ

अल्ताफ ने हत्या की बात कबूल कर ली तो पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। उसे लेकर इंदिरा डैम के किनारे पहुंची।


# कार्यालय नगरपालिका परिषद अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

**संख्या:-799 / न०पा०प०अ०/2026-27 (निर्माण)** **दिनांक:-15/.05.2026**

## अतिअल्पकालीन पुनः ई-निविदा (Retender) सूचना

नगर पालिका परिषद अकबरपुर-अम्बेडकरनगर के द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग /राज्य सरकार / केन्द्र सरकार / अन्य सरकारी विभाग में A/B/C/D/E श्रेणी (जैसा लागू हो) में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर ₹02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क₹ मद के अन्तर्गत इस कार्यालय के पत्र संख्या-4120/ न०पा०प०अ०/2025-26 (निर्माण) दिनांक-17.01.2026, पुनः ई-निविदा संख्या-36/न०पा०प०अ०/2026-27 (निर्माण) दिनांक-04.04.2026 के द्वारा 09 निर्माण कार्यों की पुनः ई-निविदा आमंत्रित की गयी थी, जिसमें 02 प्रतिशत स्टाम्प अतिरिक्त शुल्क के अन्तर्गत कार्य सं0-08 की बिड निविदा शर्तों के अनुरूप न होने के कारण उक्त कार्य की पुनः ई-निविदा (Retender) आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्तें पूर्ववत् रहेंगी। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य का विवरण वेबसाइटः-https://www.etender.up.nic.in पर लॉगइन कर देखा जा सकता हैं।
2. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि- 18.05.2026 से 25.05.2026 तक
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय दिनांक-25.05.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि / समय दिनांक 25.05.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज 9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल की निगरानी रखें।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**अकबरपुर-अम्बेडकरनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**अकबरपुर-अम्बेडकरनगर**

# दालमंडी में 7 मकानों पर शुरू हुई कार्रवाई

## नगर निगम ने घोषित किया अतिजर्जर, जेसीबी लगाकर हो रहा काम

**जर्जर**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। दालमंडी चौड़ीकरण प्रोजेक्ट ने अब गति पकड़ ली है। इसी क्रम में लगातार PWD ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करवा रहा है। दालमंडी में इसी क्रम में गुरुवार की 22 मकानों पर ध्वस्तीकरण होना था। लेकिन अंतिम समय में यह कार्रवाइए टाल दी गयी थी। लेकिन शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद अचानक पहुंचे प्रशासनिक अमले ने 7 मकानों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। ये मकान अति जर्जर घोषित हैं। नगर निगम द्वारा चिह्नित सभी 22 अतिजर्जर भवन का नोटिस दिया था। इसे लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में था और कई थानों की फोर्स के साथ पीएसी की ड्यूटी लगाई गयी है।



दालमंडी में तोड़े जा रहे 7 मकान। पुलिस फोर्स तैनात।

### इन 22 मकानों पर चलेगा बुलडोजर और हथौड़ा

नगर निगम द्वारा जारी लिस्ट के अनुसार दालमंडी के स्थित मकान संख्या CK 39/70, CK 39/16-17, CK 43/114, CK 43/115, CK 43/120, CK 43/121, CK 43/122, CK 43/154, CK 43/160B, CK 42/9, CK 67/29, CK 67/28, CK 67/26, CK 67/23, CK 67/20, CK 67/8, D 50/250, D 50/216, D 50/210, D 50/205, C 1/21 एवं C 1/22 अति जर्जर मकान की लिस्ट में शामिल हैं। जिनपर कार्रवाई होनी है।

### अब तक 60 मकान हुए जमीदोज

केके सिंह ने बताया - अभी तक दालमंडी चौड़ीकरण के लिए 60 मकानों को जमीदोज किया जा चुका है जबकि 45 में काम लगा हुआ है। लगातार लोग रजिस्ट्री करवा रहे हैं। कुल 181 मकानों में से लगभग 60 प्रतिशत मकानों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा दो वक्फ संपत्तियों पर भी ध्वस्तीकरण का कार्य किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य मई के अंतिम।सप्ताह में मकानों को ध्वस्तीकरण कंप्लीट करने का है।

### पहले भी तोड़े गए हैं जर्जर मकान

पीडब्ल्यूडी ने फरवरी माह में 23 जर्जर मकानों को एक दिन में तोड़ा था। उन्हें नगर निगम ने 30 जनवरी को नोटिस दी थी और तीन दिन में खाली करने का निर्देश दिया था। इसके बाद 9 फरवरी को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई थी। जिसे लेकर लोगों में आक्रोश था कि हमारे मकान जर्जर नहीं फिर भी उन्हें तोड़ा जा रहा। हमे पूर्व में कोई सूचना नहीं दी गई थी आज अचानक हमरा मकान जर्जर कैसे हो गया।



### 22 मकानों पर चलेगा हथौड़ा

पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन के के सिंह ने बताया - प्रदेश सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट दालमंडी चौड़ीकरण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। जून के अंतिम सप्ताह में हम फेंसिंग के बाद इसे कार्यदाई संस्था को सौंप देंगे ऐसे में ध्वस्तीकरण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम ने 22 मकानों को अतिजर्जर घोषित किया है। इनमे से 7 मकानों पर देवस्तिकरण की कार्रवाई शुरू की गयी है।

# बलिया में 25 हजार का इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल

तमसा संकेत, एजेंसी



बलिया। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बांसडीह पुलिस को शुक्रवार देर रात बड़ी सफलता मिली। क्षेत्र के बड़का पोखरा के पास हुई पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश विशाल राजभर उर्फ अच्छे राजभर पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। वहीं उसके चार अन्य साथियों को भी पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात करीब 1:15 बजे पुलिस हुसैनाबाद क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान बड़का पोखरा के समीप बाइक सवार संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस टीम को देखकर बदमाशों ने खुद को घिरता देख पुलिस पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई फायरिंग के बाद पुलिस टीम ने मोर्चा संभालते हुए आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की ओर से की गई फायरिंग में विशाल राजभर के बाएं पैर में गोली लग गई, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसके चार अन्य साथियों को भी मौके से हिरासत में ले लिया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक घायल बदमाश विशाल राजभर बांसडीह थाने में दर्ज आधा दर्जन से अधिक गंभीर मामलों में वांछित था। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था और वह लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहा था। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

**फास्ट न्यूज**

### साइकिल पर निकले शहर विधायक

मुरादाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डीजल पेट्रोल बचाने का आह्वान लोकल लेवल पर भी असर दिखा रहा है। मुरादाबाद के मंडलायुक्त आञ्जनेय सिंह साइकिल से अपने दफ्तर पहुंचे। वहीं शहर विधायक रितेश गुप्ता ने भी शुक्रवार को साइकिल से शहर का भ्रमण किया। उनके सुरक्षाकर्मी भी साइकिलों पर नजर आए। कमिश्नर ने कहा कि उनका ये प्रयास ई साइकिल को बढ़ावा देने के लिए है।

### पूर्व मंत्री का हथौड़े से सिर फोड़ा

गोरखपुर। गोरखपुर में मॉर्निंग वॉक पर निकलें पूर्व मंत्री गंगा प्रसाद निषाद पर घर के बाहर ही जानलेवा हमला होने से हड़कंप मच गया। आरोपियों ने सैंटरिंग में इस्तेमाल होने वाले हथौड़े से ताबड़तोड़ वार किया, जिससे उनके बाई आंख के ऊपर गंभीर चोट लगी। आनन- फानन में उन्हें चरगांवा सीएचसी ले जाया गया। जहां से डाक्टरों ने बीआरडी मेडिकल कालेज के नेहरू अस्पताल रेफर कर दिया। परिवार के मुताबिक लगभग 10 दिन पहले पड़ोसियों से विवाद हुआ था। जिसका बदला उन्होंने लिया। घटना के बाद पुलिस जांच जुटी है।

### गंगा में डूबी 13 साल की लड़की

बदायूं। बदायूं में गंगा स्नान के दौरान एक 13 वर्षीय किशोरी की डूबने से मौत हो गई। यह घटना आज दोपहर उझानी कोतवाली क्षेत्र के कछला गंगाघाट पर हुई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। कासगंज के बहेड़िया गांव निवासी संजू अपने परिवार के साथ आज सुबह मोक्षदायिनी कछला घाट पर गंगा स्नान के लिए पहुंचे थे।

# कुत्ते ने बच्चे सहित आठ लोगों पर किया हमला

### ग्रामीणों ने पीटकर मार डाला

तमसा संकेत, एजेंसी

बहराइच। फखरपुर इलाके में खेलते समय कुत्ते ने बालक समेत आठ लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। दो की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य छह को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने कुत्ते को घेरकर मार डाला।

फखरपुर इलाके के पटेसिया गांव निवासी चार वर्षीय अंकुश, छह वर्षीय अंशिका, सात वर्षीय कृष्णा, महफूज, संजय समेत अन्य बच्चे गुरुवार की शाम गांव में खेल रहे थे। इसी दौरान एक कुत्ता पहुंचा और बच्चों पर हमला कर दिया।

कुत्ते के हमले से बचने के लिए बच्चे घर की ओर भागे तो कुत्ता दौड़ा-दौड़ाकर नोंचता रहा। बच्चों का शोर-शराबा सुनकर ग्रामीण



एकत्र हुए और लाठी-डंडा लेकर कुत्ते को घेरा और पीटकर मार डाला। घायल बच्चों को फखरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां पर अंशिका और अंकुश की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया। इमरजेंसी चिकित्सक डॉ. शिवम ने बताया कि बेहतर इलाज के लिए बच्चों को भर्ती किया गया है। कुत्ते के हमले से बचने के लिए बच्चे घर की ओर भागे तो कुत्ता दौड़ा-दौड़ा-कर नोंचता रहा।

## 60 दिन बाद जेल से बाहर आएंगे, 6 अन्य की याचिका पर 18 मई को सुनवाई

# गंगा में रोजा इफ्तार करने वाले 8 आरोपियों को जमानत

■ 28 अप्रैल को पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया था।

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। वाराणसी में गंगा नदी में नाव पर बैठकर नानवेज पार्टी करने वाले 8 आरोपियों को 59 दिन बाद जमानत मिली। बाकी 6 आरोपियों की जमानत अर्जी पर सोमवार यानी 18 मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। जस्टिस राजीव लोचन शुक्ला और जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की डिवीजन बेंच ने आरोपियों की जमानत मंजूर की। याची दानिश सैफी, आमिर कैफी और नुरुल इस्लाम की ओर से पहले जमानत



अर्जी दाखिल की गई थी। अन्य आरोपियों ने बाद में याचिका दाखिल की थी। सभी 14 आरोपियों की जमानत अर्जी पर अदालत एक साथ सुनवाई कर रही थी। 16 मार्च को भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रजत जायसवाल ने वाराणसी की कोतवाली में FIR दर्ज कराई थी। पुलिस ने 16 मार्च को ही इफ्तार पार्टी करने वाले 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद भी इनको एसीपी कोर्ट से जमानत नहीं मिली थी। पुलिस लाइंस में एसीपी कोर्ट ने सभी को जेल भेज दिया था। वीडियो रील के बीच में मस्जिद को दिखाकर फिर गंगा को शूट किया गया। इसके बाद नाव पर सजे दस्तरखान को कई एंगल से शूट किया गया। बिरयानी के अलग से वीडियो बनाए, तो खुद को ताकतवर बताने की बात भी सामने आई है।

### मदनपुरा के ताड़तल्ला के रहने वाले हैं सभी 14 युवक

नाव पर इफ्तार पार्टी के दौरान बिरयानी परोसने वाले सभी युवक मदनपुरा इलाके के ताड़तल्ला के रहने वाले हैं। सभी एक ही खानदान के हैं। बाबू बीड़ी वाले के नाम से मशहूर घराने से कई युवक हैं। इनमें मोहम्मद अव्वल, मोहम्मद समीर, मोहम्मद अहमद, नूर इस्लाम और मोहम्मद फैजान एक ही घर के रहने वाले हैं।

“ सुनवाई के दौरान कोर्ट में पुलिस ने बताया था कि 15 मार्च को रोजेदारों ने नाविक का अपहरण किया। फिर नाव हाईजैक कर इफ्तार पार्टी की। युवकों ने नाविक को धमकाकर बीच गंगा में नाव चलवाई थी।

### नाविक का अपहरण कर नाविक को हाईजैक किया था

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी में गंगा नदी में इफ्तार पार्टी आयोजित करने और मांसाहार का सेवन कर अवशेषों को नदी में फेंकने के मामले में 28 अप्रैल को सुनवाई हुई थी। पार्टी के दौरान भी नाविक ने रोक-टोक की, लेकिन युवकों ने उसकी बात नहीं सुनी। इसके अलावा इस इफ्तार पार्टी के फोटो-वीडियो बनाने का मतलब बनारस ही नहीं, देश-दुनिया को नया संदेश देना था। इससे पहले काशी में ऐस रोजा इफ्तार कभी नहीं किया गया।

# बरेली कॉलेज में 14 एसोसिएट प्रोफेसरों को मिला प्रोफेसर पदनाम

### स्ववित्त पोषित योजना के अंतर्गत स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय

तमसा संकेत, संवाददाता

बरेली। बरेली कॉलेज में शुक्रवार, 15 मई 2026 को स्ववित्त पोषित योजना के अंतर्गत कार्यरत 14 एसोसिएट प्रोफेसरों को प्रोफेसर पद पर प्रोन्नत किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। यह फैसला माननीय सचिव, प्रबंध समिति देव मूर्ति की अध्यक्षता में आयोजित स्क्रीनिंग कमेटी/प्रमोशन कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक में महाविद्यालय प्रशासन तथा स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों से जुड़े वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति में संबंधित शिक्षकों की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध कार्यों, शिक्षण अनुभव, संस्थागत योगदान तथा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के विकास में उनकी भूमिका का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। प्रमोशन समिति ने निर्धारित मानकों और आवश्यक प्रक्रियाओं की गहन समीक्षा





के बाद संबंधित शिक्षकों को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर प्रोन्नत किए जाने की संस्तुति प्रदान की। समिति ने कहा कि चयनित शिक्षकों ने अपने-अपने विभागों में शिक्षण, शोध और अकादमिक गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। बैठक में सुभाष मेहरा, प्रभाकर गुप्ता, बी.आर. कुकरेती, ओम प्रकाश राय, ए.पी. सिंह, अनुराग मोहन, विनम सक्सेना, प्रतिभा शर्मा, एस.के. शर्मा तथा सुदेश सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रोफेसर पदनाम प्राप्त करने वाले शिक्षकों में पर्यावरण विज्ञान विभाग से अनामिका अग्रवाल, जसपाल सिंह, निष्ठा सेठ एवं गौरव भूषण शामिल हैं। एम.एड. विभाग से सारा बसु, अजीता सिंह तिवारी एवं अमिता गुप्ता को प्रोफेसर पदनाम प्रदान किया गया। इसी प्रकार गृह विज्ञान विभाग से मीनाक्षी त्रिपाठी, बीबीए विभाग से डी.पी. सिंह, बायोटे-क्नोलॉजी विभाग से तृप्ता वर्मा एवं शालिनी नगाइच, मनोविज्ञान विभाग से हेमा खन्ना एवं सुविधा शर्मा तथा बीसीए विभाग से रोमा सक्सेना को प्रोफेसर पदनाम से सम्मानित किया गया। इस निर्णय के बाद महाविद्यालय परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल है। शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने सभी नवप्रोन्नत प्रोफेसरों को शुभकामनाएं देते हुए इसे महावि-द्यालय की शैक्षणिक प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

### डीएम ने की उद्योग बंधु-श्रम बंधु की मीटिंग


अमेठी जिला। जिलाधिकारी संजय चौहान ने अमेठी में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक की। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस संयुक्त बैठक में जिला उद्योग बंधु, श्रम बंधु, औद्योगिक व्यापारिक सुरक्षा फोरम, एमओयू क्रियान्वयन समिति और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जिला प्रबंधन इकाई के सदस्य शामिल हुए।
जिलाधिकारी ने अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान औद्योगिक क्षेत्र की मूलभूत व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। उद्यमियों ने जिलाधिकारी के समक्ष सुरक्षा व्यवस्था, आवंटित भूखंडों से अवैध कब्जा हटाने, सड़कों व नालियों के पुनर्निर्माण, सफाई व्यवस्था, पार्किंग और विद्युत कनेक्शन जैसी कई महत्वपूर्ण समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को इन सभी प्रकरणों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# बरेली कॉलेज में जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग कार्यशाला का सातवां सत्र संपन्न

### विशेषज्ञों ने भू-स्थानिक तकनीकों, पर्यावरण अध्ययन और शोध अवसरों पर दी विस्तृत जानकारी

तमसा संकेत, संवाददाता

बरेली। बरेली कॉलेज के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित 10 दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला “नेविगेटिंग द फ्यूचरः जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग” के सातवें दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला का आयोजन ए.पी. सिंह के निर्देशन में किया जा रहा है, जिसमें देशभर से प्रतिभागी ज़ूम और यूट्यूब लाइव के माध्यम से सहभागिता कर रहे हैं। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष एवं कार्यशाला समन्वयक जसपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में भू-स्थानिक तकनीकें शोध, पर्यावरणीय अध्ययन, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और वैज्ञानिक विश्लेषण के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों और शोधार्थियों को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से अपने ज्ञान और शोध क्षमता को





विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के सातवें दिवस की मुख्य वक्ता श्रुति सक्सेना रहीं। उन्होंने जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग से जुड़े विभिन्न सैद्धांतिक पहलुओं पर विस्तृत और ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में उन्होंने भू-स्थानिक तकनीकों की मूल अवधार-णाओं, डेटा संग्रहण प्रक्रिया, उपग्रह आधारित अध्ययन, मानचित्रण प्रणाली और पर्यावरणीय विश्लेषण में इन तकनीकों की उपयोगिता को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग का उपयोग पर्यावरण संरक्षण, शहरी नियोजन, कृषि प्रबंधन, जल संसाधन अध्ययन और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में उपलब्ध करियर और शोध अवसरों की भी जानकारी दी। कार्यशाला का सातवां सत्र पूर्णतः सैद्धांतिक रहा, जिसमें प्रतिभागियों को विषय से जुड़ी विभिन्न अवधारणाओं की गहन जानकारी प्रदान की गई। सत्र के अंत में प्रश्नोत्तर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने GIS और रिमोट सेंसिंग से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### भारत-यूएई के बीच ...

UAE ने भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर, RBL बैंक और सम्मान कैपिटल में 5 अरब डॉलर निवेश का ऐलान भी किया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक दोनों नेताओं ने ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, निवेश और वेस्ट एशिया के हालात पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी का UAE दौरा खत्म हो गया हैं। उनका यह दौरा केवल करीब 180 मिनट का था। इस दौरे में भारत और UAE के बीच कई समझौतों पर सहमति बनी। इसमें LPG सप्लाई और ऊर्जा समझौता सबसे अमह माना जा रहा है। इसके अलावा, पीएम मोदी और UAE के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई जिसमें पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के बारे में भी बात हुई। पीएम 15 से 17 मई तक (3 दिन) नीदरलैंड दौरे के लिए रवाना हो गए हैं। यह दौरा भारत और नीदरलैंड के बीच द्विपक्षीय संबंध मजबूत बनाने के लिहाज से काफी अहम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने UAE दौरा खत्म होने पर कहा कि उनकी यह छोटी लेकिन बेहद उपयोगी यात्रा रही। UAE के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ भारत-UAE व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि इस दौरे के नतीजे दोनों देशों की दोस्ती को और मजबूत करेंगे और विकास को आगे बढ़ाएंगे। मोदी ने कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात में भारत-UAE रणनीतिक सहयोग का महत्व और बढ़ गया है। उन्होंने भरोसा जताया कि दोनों देश आने वाले समय में हर क्षेत्र में साथ आगे बढ़ेंगे। मोदी ने UAE पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि UAE को जिस तरह निशाना बनाया गया, वह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। मोदी ने राष्ट्रीय एकता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने के लिए UAE की ओर से उठाए गए कदमों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कठिन समय में UAE में रह रहे भारतीय समुदाय की जिस तरह देखभाल की गई, वह सराहनीय है। UAE भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। दोनों देशों के बीच 6 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार है। इसमें UAE ने भारत से 2 लाख करोड़ रुपए का इम्पोर्ट किया है। भारत का UAE के साथ वित्तीय घाटा है। यानी भारत UAE से आयात ज्यादा करता है और निर्यात कम। भारत ने वित्तवर्ष 2022-23 में UAE से 4 लाख करोड़ रुपए का इंपोर्ट किया है। भारत ने UAE के साथ एक ट्रेड पैक्ट पर भी साइन किया था। भारत, UAE को पेट्रोलियम प्रोडक्ट, मेटल, स्टोन, जेम्स एंड ज्वेलरी, मिनरल्स, फूड आइटम जैसे अनाज, चीनी, फल और सब्जियां, चाय, मांस और सीफूड, टेक्सटाइल, इंजीनिय-रिंग मशीनरी प्रोडक्ट और कैमिकल्स एक्सपोर्ट करता है। UAE को भारत के प्रमुख एक्सपोर्ट में पेट्रोलियम प्रोडक्ट, मेटल, स्टोन, जेम्स एंड ज्वैलरी, मिनरल्स, फूड आइटम जैसे अनाज, चीनी, फल और सब्जियां, चाय, मांस और सीफूड, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग मशीनरी प्रोडक्ट और कैमिकल्स शामिल हैं।

### 26 मई को केरलम ...

निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट वेदर ने इस साल के मानसून का पूर्वानुमान जारी किया है। इसके अनुसार, बारिश सामान्य से 6% कम रह सकती है। जून से सितंबर तक मानसून के 4 महीनों में देश में बारिश का सामान्य औसत 868.6 मिलीमीटर है। सामान्य से कम मानसून का मतलब है कि बारिश 90% से 95% के बीच रहेगी। एजेंसी ने 94% बारिश का अनुमान दिया है।

### नीट अगले साल से ...

इससे पहले 3 मई को यह एग्जाम देश के 551 और विदेशों के 14 शहरों में हुई था। इसके लिए 5400 से ज्यादा एग्जाम सेंटर्स बनाए गए थे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, 'राधाकृष्ण समिति की सिफारिशों का पालन करने के बावजूद यह उल्लंघन कैसे हुआ। ऐसे में सरकारी मशीनरी यह सुनिश्चित करेगी कि इस बार कोई अनियमितता न हो। मंत्री के रूप में, अभिभावक के रूप में, अधिकारी के रूप में हमें परीक्षा रद्द करने का कठिन निर्णय लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि हमें सुधारों के लिए कई सुझाव मिले हैं। हम इस पर काम कर रहे हैं। NTA का गठन सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार हुआ था। इसके अलावा मैं उम्मीदवारों के परिवहन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों से बात करूंगा। CBI ने इस मामले में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 5 यानी राजस्थान से पकड़े गए मांगी लाल बिंवाल, जमवारामगढ़ के भाई दिनेश बिंवाल, बेटा विकास बिंवाल, हरियाणा के गुरुग्राम के रहने वाले यश यादव और नासिक से शुभम खैरनार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने पांचों आरोपियों को 7 दिन की कस्टडी में भेज दिया है। सीबीआई ने इनके अलावा, पुणे से ब्यूटीशियन मनीषा वाघमारे, नासिक से धनंजय लोखंडे को गिरफ्तार किया था। दिल्ली कोर्ट ने शुक्रवार को लोखंडे को 6 दिन की सीबीआई कस्टडी में भेजा है।

### पेट्रोल-डीजल 3-3 ...

तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं। सरकार के मुताबिक, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी सरकारी कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण घाटे में चल रही थीं । पेट्रोलियम मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा के अनुसार कंपनियों को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की बिक्री पर हर महीने करीब 30,000 करोड़ का नुकसान हो रहा है । एक्सपर्ट्स का मानना है कि 3 की यह बढ़ोतरी काफी नहीं है। अपना घाटा पूरी तरह खत्म करने और 'ब्रेक-ईवन' यानी नो प्रॉफिट-नो लॉस की स्थिति में आने के लिए इन कंपनियों को अभी पेट्रोल के दाम 28 प्रति लीटर और डीजल के दाम 32 प्रति लीटर तक बढ़ाने की जरूरत है। फिलहाल पेट्रोल पर 29.5% और डीजल पर 36.5% की कमी बनी हुई है। अगर ईरान युद्ध के कारण ग्लोबल एनर्जी मार्केट में सप्लाई इसी तरह प्रभावित रही, तो आने वाले दिनों में और भी इजाफा देखने को मिल सकता है। इससे पहले सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर रखने के लिए स्पेशल एक्साइज ड्यूटी में 10-10 रुपए की कटौती की थी। पेट्रोल पर ड्यूटी 13 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपए, जबकि डीजल पर 10 से शून्य कर दी गई थी। केंद्र सरकार की ओर से एक लीटर पेट्रोल पर कुल 21.90 रुपए एक्साइज ड्यूटी वसूली जाती थी। स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्रूटी घटने के बाद यह 11.90 रुपए रह गई थी। इसी तरह, एक लीटर डीजल पर कुल सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी 17.8 रुपए से घटकर 7.8 रुपए पर आ गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तेलंगाना में एक कार्यक्रम के दौरान पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक हालात को देखते हुए पेट्रोलियम उत्पादों के सावधानीपूर्वक उपयोग का सुझाव दिया था। पीएम ने कहा था कि आज समय की मांग है कि पेट्रोल, गैस और डीजल का उपयोग बहुत संयम से किया जाए। हमें आयातित पेट्रो उत्पादों का उपयोग केवल जरूरत के अनुसार ही करना चाहिए। इससे न केवल विदेशी मुद्रा बचेगी, बल्कि युद्ध के प्रतिकूल प्रभाव भी कम होंगे।

### सुप्रीम कोर्ट स्टाफ को ...

शुक्रवार को केरलम के सीएम बनने जा रहे वीडी सतीशन पद संभालने से पहले ही अपने काफिले में केवल तीन गाड़ियां रखने का फैसला किया है, जिसमें सिर्फ एक पायलट और एक एस्कॉर्ट वाहन चलेगा। एक दिन पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस गुरुवार को MLC शपथ ग्रहण समारोह के लिए बाइक से विधान भवन पहुंचे थे। दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने पेट्रोल-डीजल की बचत के लिए नए आदेश जारी किए। अब दिल्ली में सरकारी कर्मचारी हफ्ते में 2 दिन 'वर्क फ्रॉम होम' करेंगे। 50% सरकारी बैठकें ऑनलाइन होंगी और कोई भी मंत्री 1 साल तक विदेशी दौरे पर नहीं जाएगा। त्रिपुरा में ग्रुप C और D के सिर्फ 50% सरकारी कर्मचारी ही रोज ऑफिस आएंगे।

## रोहित ने कोहली की बराबरी की

## तिलक ने 106 मीटर लंबा सिक्स लगाया

# पंजाब 200 रन डिफेंड करते हुए 10वां मैच हारी

**मुकाबला**

**धर्मशाला, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस ने आखिरी ओवर में रोमांचक जीत दर्ज करते हुए पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। गुरुवार को धर्मशाला के HPCA स्टेडियम में पंजाब ने 201 रन का टारगेट दिया था, जिसे मुंबई ने 19.5 ओवर में हासिल कर लिया।

तिलक वर्मा ने नाबाद 75 रन की पारी खेली। उन्होंने 106 मीटर लंबा छक्का भी लगाया। वहीं, रोहित शर्मा IPL में सबसे ज्यादा मैच खेलने के मामले में विराट कोहली की बराबरी पर पहुंच गए। दूसरी ओर, पंजाब किंग्स को 200+ रन डिफेंड करते हुए टी-20 क्रिकेट में रिकॉर्ड 10वीं हार झेलनी पड़ी। पंजाब किंग्स 200+ रन के लक्ष्य का बचाव करने में सबसे ज्यादा बार हारने वाली टीम बन गई। टीम को अब तक 10 बार 200+ रन डिफेंड करते हुए हार मिली है। मुंबई ने पंजाब के खिलाफ 200+ रन का लक्ष्य हासिल करते हुए टी-20 क्रिकेट में अपनी 8वीं जीत दर्ज की। मुंबई अब सबसे ज्यादा 200+ रन चेज जीतने वाली टीमों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।



### शार्दूल ने दूसरी बार पंजाब के खिलाफ 4 विकेट लिए

मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर ने पंजाब किंग्स के खिलाफ एक बार फिर शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके। यह दूसरा मौका है, जब शार्दूल ने पंजाब के खिलाफ IPL मैच में 4 विकेट हासिल किए हैं।



> जसप्रीत बुमराह आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने के बाद पहली बार कप्तानी करने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गए। उन्होंने 156 मैच खेलने के बाद टीम की कमान संभाली। इस लिस्ट में पहले नंबर पर रवींद्र जडेजा हैं। उन्होंने 200 मैच बाद चेन्नई की कप्तानी की थी।

### रोहित ने कोहली की बराबरी की

मुंबई के बल्लेबाज रोहित शर्मा IPL में सबसे ज्यादा मैच खेलने के मामले में विराट कोहली की बराबरी पर पहुंच गए हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबला रोहित के करियर का 279वां IPL मैच रहा। अब दोनों के नाम IPL में 279-279 मैच हो गए हैं। इस सूची में महेंद्र सिंह धोनी 278 मैच के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

### मुंबई एक सीजन में 3 अलग भारतीय कप्तान वाली पहली टीम

मुंबई IPL सीजन में तीन अलग-अलग भारतीय कप्तानों में खेलने वाली पहली टीम बन गई, जिसके तीनों कप्तान भारतीय रहे। इस सीजन हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह ने टीम की कप्तानी की। इससे पहले IPL इतिहास में मुंबई, पुणे वारियर्स, हैदराबाद और पंजाब एक सीजन में तीन कप्तानों के साथ उतर चुकी हैं।

## रवि शास्त्री ने सैमसन को कप्तान बनाने की पैरवी की

**नई दिल्ली, एजेंसी**



टीम इंडिया के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने संजू सैमसन को भविष्य में भारत की टी-20 टीम का कप्तान बनाने की पैरवी की है। उनका मानना है कि सैमसन कप्तानी के मजबूत दावेदार बनकर उभरे हैं। शास्त्री के अनुसार हाल के दिनों में सैमसन ने जिस तरह की मैच्योरिटी दिखाई है, वह उन्हें लीडरशिप रोल के लिए परफेक्ट बनाती है।

शास्त्री ने ICC रिव्यू में कहा कि सूर्यकुमार यादव ने हाल ही में अपनी कप्तानी में भारत को वर्ल्ड कप जिताया था, लेकिन 2028 के टी-20 वर्ल्ड कप को देखते हुए संजू बड़ा विकल्प हो सकते हैं। फिलहाल, सूर्यकुमार यादव भारतीय टी-20 टीम के कप्तान हैं। उन्होंने 8 मार्च 2026 को अहमदाबाद में भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जिताया था। कप्तानी का अनुभवः संजू पिछले पांच सीजन से IPL में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी कर रहे हैं। वह 2022 में टीम को फाइनल तक ले जा चुके हैं।

> कहा- संजू 2028 टी-20 वर्ल्डकप के लिए कैप्टेंसी के विकल्प हो सकते हैं

सैमसन को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। उन्होंने क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल में भारत को जीत के करीब पहुँचाया। शास्त्री ने कहा- 'संजू की काबिलियत पर कभी शक नहीं था, लेकिन अब उन्होंने अपनी कंसिस्टेंसी से सभी सवालों पर विराम लगा दिया है।

## मुंबई के कोच पोलार्ड की 15% मैच फीस काटी

### एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया, फोर्थ अंपायर को अपशब्द कहे थे

**धर्मशाला, एजेंसी**



मुंबई इंडियंस के बैटिंग कोच कीरोन पोलार्ड को IPL कोड ऑफ कंडक्ट के उल्लंघन का दोषी पाया गया। मैच रेफरी ने उन पर मैच फीस का 15% जुर्माना लगाया और एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ा। 39 साल के दिग्गज बल्लेबाज ने गुरुवार को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के मैच में फोर्थ अंपायर से बहस की। उन पर अभद्र भाषा के इस्तेमाल करने के आरोप लगे थे। इस मैच को मुंबई ने 6 विकेट से जीता। मुंबई इंडियंस की पारी के 19वें ओवर में चौथे अंपायर से बहस के दौरान पोलार्ड ने अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया। मैच रेफरी पंकज धरमानी ने इसे IPL आचार संहिता के 'लेवल 1' का उल्लंघन माना। पोलार्ड पर कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.3 के तहत आरोप लगाए गए, जो मैच के दौरान अभद्र भाषा के इस्तेमाल से जुड़ा है। मैच के बाद सुनवाई में पोलार्ड ने गलती स्वीकार कर ली। उन्होंने मैच जुर्माना और प्रतिबंध मंजूर कर लिया। लेवल 1 का अपराध स्वीकार करने के बाद IPL नियमों के मुताबिक अब औपचारिक सुनवाई नहीं होगी। पोलार्ड के खाते में एक डिमेरिट पॉइंट भी जुड़ गया। IPL नियमों के अनुसार तय समय सीमा में 4 या उससे अधिक डिमेरिट पॉइंट होने पर खिलाड़ी या कोच पर एक या अधिक मैचों का सस्पेंशन लगाया जा सकता है। यह पोलार्ड के लिए चेतावनी है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

### पहले भी विवादों में रहे हैं पोलार्ड

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान और मौजूदा कोच पोलार्ड का विवादों से पुराना नाता रहा है। खिलाड़ी के तौर पर वे अंपायरों और विपक्षी खिलाड़ियों से भिड़ते रहे हैं। एक मशहूर वाकये में उन्होंने अंपायर के मना करने पर मुंह पर टेप लगा लिया था। कोच बनने के बाद उन पर यह पहली बड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई है।

### आईपीएल-पंजाब लगातार 5वां मैच हारी, मुंबई 6 विकेट से जीती

धर्मशाला। मुंबई इंडियंस ने रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। आखिरी ओवर में टीम को 15 रन चाहिए थे, जिसे उसने 1 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। जीत के हीरो तिलक वर्मा रहे, जिन्होंने 33 गेंदों में नाबाद 75 रन बनाए। पंजाब की यह लगातार 5वीं हार रही।

गुरुवार को धर्मशाला के HPCA स्टेडियम में पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 200 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 19.5 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। मुंबई के लिए तिलक के अलावा रायन रिकल्टन ने 48 रन बनाए, जबकि विल जैक्स ने 10 गेंदों में नाबाद 25 रन की तेज पारी खेली। तिलक और जैक्स के बीच 5वें विकेट के लिए नाबाद 56 रन की साझेदारी हुई। पंजाब के लिए अजमतुल्लाह ओमरजई ने 2 विकेट लिए। युजवेंद्र चहल और मार्को यानसन को 1-1 सफलता मिली।

## एमबाप्पे कप्तानी करेंगे, फॉरवर्ड लाइन में डेम्बेले और डौए जैसे नाम

# फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए फ्रांस की टीम घोषित



**पेरिस, एजेंसी**

साल 2022 की फाइनलिस्ट फ्रांस ने 11 जून से शुरू हो रहे फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए 26 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। पिछले फाइनल में 3 गोल दागने वाले किलियन एम्बाप्पे को इस टीम की कप्तानी सौंपी गई है।

कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने दमदार फॉरवर्ड लाइन तैयार किया है। इसमें एमबाप्पे के अलावा, बैलोन डी'ओर विजेता ओस्मान डेम्बेले और युवा स्टार डेसिरे डौए जैसे नाम है। 2018 की चैंपियन और 2022 की उपविजेता फ्रांस इस बार तीसरा वर्ल्ड कप जीतने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

घरेलू लीग (लेंस) के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा गोलकीपर रॉबिन रिसर को पहली बार विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। रिसर ने इस सप्ताह की शुरुआत में ही सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता था। उन्हें मुख्य गोलकीपर माइक मैगनन और ब्राइस सांबा के बाद तीसरे गोलकीपर के विकल्प के रूप में शामिल किया गया है। टीम में चुने जाने पर रिसर ने भावुक होकर कहा, 'यह मेरा एक सपना था, यह अविश्वसनीय है और मेरे पास शब्द नहीं हैं।'



### फारवर्ड लाइन में अनुभव और युवाओं का मिश्रण

फ्रांस का फॉरवर्ड लाइनअप इस समय दुनिया में सबसे मजबूत नजर आ रहा है। टीम में सुपरस्टार किलियन एमबाप्पे के साथ बैलोन डी'ओर विजेता ओस्मान डेम्बेले, उभरते हुए सितारे डेसिरे डौए, माइकल ओलिसे, रेयान चेर्की, ब्रैडली बारकोला और मैग्नेस अक्लिओचे शामिल हैं। यह आक्रमण पंक्ति किसी भी विरोधी रक्षापंक्ति को ध्वस्त करने का माद्दा रखती है। रियल मैड्रिड के स्टार मिडफील्डर एडुआर्डो कामाविंगा का नाम सूची से गायब होना सबसे बड़ा सरप्राइज है।

### कोच डेसचैम्प्स के लिए आखिरी टूर्नामेंट

यह टूर्नामेंट फ्रांस के सबसे सफल कोच डिडिएर डेसचैम्प्स के लिए आखिरी साबित होगा। उन्होंने पहले ही घोषणा कर दी है कि वे इस मेगा टूर्नामेंट के बाद संन्यास ले लेंगे। साल 2012 से फ्रांस के कोच रहे डेसचैम्प्स अपने विदाई टूर्नामेंट को ऐतिहासिक बनाना चाहेंगे। फ्रांस को ग्रुप आई में रखा गया है।

**मनोरंजन**

## खलनायक के लिए 'नो प्रेग्नेंसी' क्लॉज साइन किया, 'हम आपके हैं कौन' में सलमान से ज्यादा फीस ली





# 59 की हुई माधुरी सुभाष घई ने 'कर्मा' से निकाला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

59 साल की हो चुकीं माधुरी दीक्षित सिर्फ अपनी फिल्मों और डांस ही नहीं, बल्कि करियर से जुड़े दिलचस्प किस्सों की वजह से भी चर्चा में रही हैं। करियर के शुरुआती दौर में सुभाष घई ने उन्हें फिल्म कर्मा में छोटा रोल दिया था, लेकिन बाद में यह कहकर उनका सीन हटा दिया कि इतनी टैलेंटेड लड़की को छोटा रोल देना सही नहीं होगा।

आगे चलकर उन्होंने माधुरी को अपनी फिल्मों में बड़े रोल दिए। फिल्म खलनायक के दौरान उनसे 'नो प्रेग्नेंसी' क्लॉज भी साइन करवाया गया था, ताकि शूटिंग प्रभावित न हो। वहीं, हम आपके हैं कौन..! के लिए माधुरी को सलमान खान से ज्यादा फीस मिली थी।

माधुरी बचपन से बहुत फोकस्ड थीं। उन्हें डांस का बहुत शौक था और वह छोटी उम्र से ट्रेनिंग ले रही थीं। अपने लुक्स, स्माइल, टीथ हर चीज का ध्यान रखती थीं। उन्हें शुरू से पता था कि उन्हें एक्ट्रेस बनना है। उनका पूरा फोकस अपने पैशन पर था। एक बार माधुरी के चेहरे पर पिंपल हो गया था। तब उन्होंने मुझे बताया कि वह कौन-सा साबुन इस्तेमाल करती हैं। बाद में जब मेरे चेहरे पर पिंपल आया, तो उन्होंने वही साबुन मुझे देते हुए कहा- 'अब ये तुम्हारे काम आएगा।'



> 'हम आपके हैं कौन' के लिए माधुरी को सलमान से ज्यादा फीस मिली थी। मशहूर पेंटर एमएफ हुसैन ने 'हम आपके हैं कौन' 67 बार देखी थी। उन्होंने माधुरी के लिए 'गजगामिनी' फिल्म बनाई थी।

### नॉन-वेज खाने के लिए हम लोग चुपचाप कमरे में चले जाते थे

राजश्री प्रोडक्शंस के सेट पर बिना प्याज-लहसुन का खाना बनता था, लेकिन इतना स्वादिष्ट था कि आज तक उसका स्वाद याद है। मैं कुक से बार-बार पूछती थी कि पक्का इसमें प्याज-लहसुन नहीं डाला? उनका राजमा और बाकी सब्जियां कमाल की होती थीं। हालांकि नॉन-वेज खाने के लिए हम लोग चुपचाप कमरे में चले जाते थे।

### घर से खाना आता था, तो मुझे जरूर बुलाती थीं

माधुरी हर किसी से जल्दी घुलती-मिलती नहीं थीं, लेकिन जिनसे जुड़ती थीं, उनके साथ बहुत जेन्युइन रिश्ता बनाती थीं।, अगर माधुरी के घर से कुछ अच्छा खाना आता था, तो वह मुझे जरूर बुलाती थीं। कई बार किसी को भेजकर बुलवाती थीं कि आओ, साथ में खाते हैं। उनके घर से अक्सर मछली आती थी, जबकि सलमान खान के घर से पूरी यूनिट के लिए बिरयानी आती थी।

### माधुरी का नाम सुनते ही फिल्म के लिए हां कर दी थी

साहिला चड्ढा के लिए माधुरी दीक्षित सिर्फ सुपरस्टार नहीं, बल्कि परिवार जैसी हैं। माधुरी के जन्मदिन पर दैनिक भास्कर से बातचीत में उन्होंने 'हम आपके हैं कौन' के सेट से लेकर बचपन तक की कई यादें साझा कीं। साहिला 'हम आपके हैं कौन' में रीटा के रोल में नजर आई थीं। साहिला कहती हैं- जब मुझे हम आपके हैं कौन..! ऑफर हुई थी, तब मैं सोलो हीरोइन वाली फिल्में कर रही थी। मैंने पहले फिल्म के लिए मना कर दिया था, क्योंकि मैं सेकेंड रोल नहीं करना चाहती थी। लेकिन जब मुझे बताया गया कि माधुरी फिल्म में होंगी, तब मैंने तुरंत हां कर दी। माधुरी मेरे लिए कोई अजनबी स्टार नहीं थीं। मैं उन्हें बचपन से जानती हूं। उनकी चाची, मेरी मौसी हैं, इसलिए फैमिली फंक्शंस में मुलाकात होती रहती थी। उनके साथ हमेशा कम्फर्ट महसूस हुआ।



## रणबीर कपूर ने अयोध्या में 3.31 करोड़ की जमीन खरीदी

### 'रामायण' में निभाएंगे भगवान राम का रोल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



एक्टर रणबीर कपूर ने अयोध्या के रियल एस्टेट प्रोजेक्ट 'द सरयू' में जमीन खरीदी है। यह प्रोजेक्ट द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा का प्रीमियम प्लॉटेड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट है। रिपोर्ट में बताया कि कंपनी की आधिकारिक घोषणा के अनुसार, यह डील 3.31 करोड़ रुपए में हुई है। खरीदी गई जमीन का कुल क्षेत्रफल 2,134 वर्ग फीट है।

अमिताभ बच्चन के बाद 'द सरयू' में निवेश करने वाले रणबीर कपूर दूसरे बड़े एक्टर बने हैं। 'द सरयू' 75 एकड़ में फैला प्रोजेक्ट है, जो सरयू नदी के किनारे स्थित है। इस प्रोजेक्ट में ग्रैंड क्लब हाउस, 35 से ज्यादा लाइफस्टाइल सुविधाएं और द लीला होटल्स का पांच एकड़ में बनने वाला शुद्ध शाकाहारी लग्जरी होटल शामिल है।

रणबीर ने बयान में कहा कि उन्हें लगता है कि अयोध्या ने उन्हें चुना है। उन्होंने कहा कि अयोध्या भारत के इतिहास और सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा है और 'द सरयू' में यह जमीन उनके परिवार की विरासत का हिस्सा बनेगी।

HoABL के चेयरमैन अभिनंदन लोढ़ा ने कहा कि अयोध्या सांस्कृतिक और आर्थिक पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा है।

## जावेद जाफरी की पत्नी से 16 करोड़ की ठगी

### मुख्य आरोपी गिरफ्तार, बीएमसी कमिश्नर समेत 6 पर केस



नई दिल्ली। मुंबई क्राइम ब्रांच की प्रॉपर्टी सेल ने बॉलीवुड एक्टर जावेद जाफरी की पत्नी हबीबा जाफरी से हुई 16.24 करोड़ रुपए की ठगी के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस हाई-प्रोफाइल केस में बीएमसी के असिस्टेंट कमिश्नर महेश पाटिल समेत 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। आरोपियों ने टैक्स सेटलमेंट और इन्वेस्टमेंट के नाम पर जाफरी परिवार को अपनी साजिश में फंसाया। ठगी की शुरुआत अप्रैल 2024 में हुई। हबीबा जाफरी को उनके अंधेरी स्थित बंगले का प्रॉपर्टी टैक्स भरने के लिए बीएमसी से एक नोटिस मिला। इसी दौरान एक परिचित के जरिए उनकी मुलाकात बीएमसी जी-साउथ वार्ड के असिस्टेंट कमिश्नर महेश पाटिल से हुई।

पाटिल ने पहले टैक्स सेटलमेंट का भरोसा दिया और फिर उन्हें बांद्रा (पश्चिम) के 'न्यू कमलकुंज' कमर्शियल प्रोजेक्ट में निवेश करने का लालच दिया। असिस्टेंट कमिश्नर ने हबीबा की मुलाकात कारोबारी निशित पटेल से कराई। निशित ने खुद को बड़े बिल्डरों का पार्टनर बताया और दावा किया कि इस प्रोजेक्ट में पहले से 150 करोड़ रुपए का निवेश हो चुका है। जाफरी परिवार का भरोसा जीतने के लिए आरोपियों ने घर जाकर नक्शे, फर्जी लेटरहेड और विदेशी बैंकों के साथ प्री-लीज एग्रीमेंट के कागजात दिखाए।

# चीन के साथ शानदार ट्रेड डील हुई : ट्रम्प

**रवानगी**


## दोनों देशों को फायदा होगा, जिनपिंग के साथ बैठक की, बीजिंग से रवाना हुए

**बीजिंग, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प तीन दिन का चीन दौरा पूरा कर वापस रवाना हो गए हैं। उन्होंने शुक्रवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से अंतिम दौर की बातचीत की। दोनों नेताओं की यह बैठक बीजिंग के झोंगनानहाई परिसर में हुई। इसे चीन के शीर्ष नेतृत्व का सबसे सुरक्षित और गोपनीय सत्ता केंद्र माना जाता है।

बैठक के बाद ट्रम्प ने बताया कि चीन के साथ शानदार ट्रेड डील हुई हैं। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से अमेरिका और चीन दोनों को फायदा होगा। ट्रम्प ने कहा, "हमने कुछ शानदार समझौते किए हैं, जो दोनों देशों के लिए अच्छे हैं।" हालांकि उन्होंने इन समझौतों की ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की। रवाना होते वक्त ट्रम्प को बीजिंग कैपिटल इंटरनेशनल एयरपोर्ट गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। चीनी विदेश मंत्री वांग यी उन्हें एयरपोर्ट तक छोड़ने आए। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प बीजिंग कैपिटल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंच गए हैं और अब चीन दौरा खत्म कर अमेरिका लौटेंगे। एयरपोर्ट पर उनके स्वागत के लिए सम्मान गार्ड तैनात किया गया और एयर फोर्स वन तक लाल कालीन बिछाया गया।

बीजिंग के लोगों से जब ट्रम्प को लेकर राय पूछी गई, तो सबसे ज्यादा इस्तेमाल हुआ शब्द था 'अनप्रेडिक्टेबल' यानी जिसका अगला कदम समझना मुश्किल हो। एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा, ट्रम्प जो कहते हैं, उसका मतलब हमेशा वही नहीं होता। ट्रम्प के होटल के पास शुक्रवार सुबह लोगों की भीड़ गुरुवार शाम के मुकाबले कम दिखी। भारी पुलिस तैनाती और बार-बार सड़कें बंद होने से कई स्थानीय लोग परेशान नजर आए। ट्रम्प के साथ बयान देते हुए शी जिनपिंग ने कहा कि यह दौरा ऐतिहासिक और बेहद अहम रहा है। उन्होंने कहा, "इस दौरान हमारे दोनों देशों के बीच एक नया और सकारात्मक रणनीतिक रिश्ता बना है।



ट्रम्प के चीन दौरे का आज आखिरी दिन है। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति जिनपिंग के साथ अंतिम दौर की बैठक की।

### ताइवान ने अमेरिका को समर्थन के लिए धन्यवाद दिया

ताइवान के विदेश मंत्री लिन चिया-लुंग ने अमेरिका का समर्थन जारी रखने के लिए धन्यवाद दिया है। न्यूज एजेंसी AP के मुताबिक, उन्होंने कहा कि अमेरिका ताइवान स्ट्रेट में शांति और स्थिरता को महत्व देता है और लगातार उसका समर्थन कर रहा है। यह बयान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के उस बयान के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि ताइवान को लेकर अमेरिका की नीति नहीं बदली है और चीन अगर बल प्रयोग करता है तो यह बहुत बड़ी गलती होगी।

> **चीन दौरा खत्म होने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को बीजिंग एयरपोर्ट पर खास अंदाज में विदाई दी गई। एयर फोर्स वन के पास स्कूल के बच्चों ने अमेरिकी और चीनी झंडे लहराए।**
> **चीन के विदेश मंत्री वांग यी एयरपोर्ट पर ट्रम्प को विदा करने पहुंचे। विमान की सीढ़ियों पर चढ़ते वक्त ट्रम्प ने मुड़कर हाथ हिलाया।**



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग झोंगनानहाई परिसर में। चीन दौरे के अंतिम दिन दोनों नेताओं के बीच अहम वार्ता हुई।

# चांदी एक दिन में 19,693 सोना 3,000 सस्ता हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी**



**1किलोग्राम चांदी 2.68 लाख, 10ग्राम सोना 1.58 लाख का हुआ, पीएम ने खरीदारी न करने को कहा था**

सोने-चांदी की कीमतों में आज 15 मई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, एक किलो चांदी 19,693 रुपए घटकर 2.68 लाख रुपए रह गई, जो गुरुवार को 2.87 लाख रुपए पर थी।


वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3,000 रुपए घटकर 1.58 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले 16 अप्रैल को यह 1.61 लाख पर था। सोना ऑल टाइम हाई से 106 दिन में 17,962 और चांदी 1,18,433 सस्ती हुई है। 29 जनवरी को सोना 1.76 लाख/10 ग्राम और चांदी 3.86 लाख/किलो थी।

रविवार को कर्नाटक और तेलंगाना की सभाओं में पीएम ने लोगों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की थी।

प्रधानमंत्री ने कहा 'एक समय था, जब संकट आने पर देशहित में लोग सोना दान दे देते थे। आज दान की जरूरत नहीं है, लेकिन देशहित में हमें यह तय करना होगा कि सालभर तक घर में कोई कार्यक्रम हो, हम सोने के गहने नहीं खरीदेंगे। विदेशी मुद्रा बचाने के लिए हमारी देशभक्ति हमें चुनौती दे रही है और हमें यह स्वीकार करके विदेशी मुद्रा बचानी होगी।' पीएम मोदी ने भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को बचाने के लिए ये अपील की।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 96.14 पर आया, यह ऑलटाइम लो

**नई दिल्ली, एजेंसी**



**दिसंबर-2025 में पहली बार 90 के स्तर के पार गया था, महंगाई बढ़ने का खतरा**

रुपया आज 15 मई को डॉलर के मुकाबले 50 पैसे गिरकर पहली बार 96.14 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। इससे पहले गुरुवार को रुपया 95.64 के ऑल टाइम लो पर पहुंचा था। पिछले कुछ दिनों से रुपए में लगातार गिरावट जारी है।

साल 2026 की शुरुआत से ही रुपया दबाव में है। पिछले साल दिसंबर 2025 में पहली बार रुपया 90 के स्तर के पार गया था। इससे महंगाई बढ़ने का खतरा बढ़ गया है।

मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह बढ़ती रहीं और जियोपॉलिटिकल तनाव कम नहीं हुआ, तो रुपया जल्द ही 100 के स्तर को भी छू सकता है।

अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज रूट में सप्लाई बाधित होने की आशंका ने बाजार में डर पैदा कर दिया है। युद्ध के कारण निवेशक सुरक्षित निवेश के लिए डॉलर की ओर भाग रहे हैं।

भारत अपनी जरूरत का 85% से ज्यादा कच्चा तेल आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 107 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गया है। तेल महंगा होने से भारत को अधिक डॉलर चुकाने पड़ रहे हैं, जिससे रुपए पर दबाव बढ़ गया है।

दुनिया की 6 प्रमुख करेंसी के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर इंडेक्स 99.05 के स्तर पर पहुंच गया है। जब डॉलर ग्लोबल मार्केट में मजबूत होता है, तो रुपया और अन्य एशियाई करेंसी कमजोर हो जाती हैं।

# ट्रम्प ने चीन में भुनी हुई बतख-आइसक्रीम खाई

## जिनपिंग के साथ हैवन टैंपल देखा, अमेरिकी पत्रकार बीजिंग में सैकड़ों सीसीटीवी देख हैरान

**बीजिंग, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चीन दौरे का आज तीसरा दिन है। ट्रम्प ने गुरुवार को बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति के साथ 'टैंपल ऑफ हैवन' देखा। यहां उनके साथ बेटे एरिक और बहू लारा भी मौजूद थे।

इसके बाद दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय मीटिंग की। चीन ने बुधवार शाम को ट्रम्प के सम्मान में स्टेट डिनर आयोजित किया। दावत में चीन की मशहूर डिश 'बीजिंग रोस्ट डक' परोसी गई। इसके अलावा बीफ रिब्स भी रखे गए।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प को अच्छी तरह पका हुआ मांस पसंद है, इसलिए मेन्यू में यह डिश शामिल की गई। मिठाई में तिरामिसू, आइसक्रीम, ताजे फल और शंख जैसी दिखने वाली खास पेस्ट्री परोसी गई। वहीं, अमेरिकी मीडिया चैनल Fox न्यूज के पत्रकार चीन की राजधानी बीजिंग की सड़कों पर लगे सैकड़ों CCTV कैमरे देखकर हैरान रह गए। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने बीजिंग दौरे के आखिरी घंटे चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निजी आवास में बिताए। यह जगह फॉरबिडन सिटी के पास है और यहां बहुत कम विदेशी या आम चीनी लोगों को जाने का मौका मिलता है।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग गुरुवार को चीन की राजधानी बीजिंग स्थित ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में आयोजित स्टेट डिनर में पहुंचते हुए।

### जिनपिंग का 'गिरता अमेरिका' बयान बाइडेन के लिए था

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जब अमेरिका को 'गिरता हुआ देश' कहा था, तो उनका इशारा ट्रम्प नहीं बल्कि पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की सरकार की तरफ था।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, शी जिनपिंग ने उनकी कम समय में मिली बड़ी सफलताओं की तारीफ की। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि अमेरिका और चीन के रिश्ते पहले से ज्यादा मजबूत होंगे।



ट्रम्प के बेटे एरिक ट्रम्प और उनकी पत्नी लारा ट्रम्प भी स्टेट डिनर में शामिल हुए।

### ट्रम्प और शी जिनपिंग खास लंच कर रहे

बीजिंग में ट्रम्प और शी जिनपिंग की मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के लिए खास लंच रखा गया है। व्हाइट हाउस के मुताबिक, मेन्यू में सीफूड सूप के साथ कटी हुई कॉड मछली, कुरकुरी और स्टर-फ्राइड लॉब्स्टर बॉल्स और मशरूम से भरा बीफ फिलेट शामिल है। इसके अलावा कंग पाओ चिकन, स्कैलप्स, मौसमी सब्जियां, बांस की कोंपलें, मशरूम, बीन्स, बन में स्ट्यूड बीफ और स्टीम्ड पोर्क-श्रिम्प डंपलिंग्स भी परोसे गए। डेजर्ट में चॉकलेट ब्राउनी, फल और आइसक्रीम दी गई, जबकि साथ में चाय और कॉफी भी परोसी गई।

# पुलिस से बचने के लिए संदिग्ध ने दौड़ाई कार, वीडियो वायरल

# अमेरिका में किया फिल्मी स्टाइल 'हाई-स्पीड कार चेज'

- विस्कॉन्सिन में चोरी की गाड़ी का पुलिस ने पीछा किया
- हाई-स्पीड चेज में संदिग्ध की कार अनियंत्रित होकर पलट गई
- पुलिस ने 24 वर्षीय आरोपी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया



**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के विस्कॉन्सिन में पुलिस की गाड़ी में मौजूद डैश कैम में एक जबरदस्त घटना कैद हो गई। दरअसल, 24 साल का एक संदिग्ध चोरी की गाड़ी लेकर भाग रहा था। वहीं, जब अधिकारियों ने उसे हाईवे पर रोकने की कोशिश की तो वह रुकने की जगह और तेजी से कार को भगाने लगा। यह पूरी घटना एक खतरनाक हाई स्पीड चेज से शुरू हुई और एक रोमांचक मोड़ पर खत्म हुई। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें पुलिस की कुछ गाड़ियां एक कार का पीछा करते हुए नजर आती है। जिसका पीछा करते हुए वे लोग एक खाली जगह पर पहुंचते है।

अब यह हाई हाई स्पीड चेज का वीडियो चर्चा का विषय बन गया है। बता दें कि, यह मामला फोंड डू लैक काउंटी का है। फिलहाल, आरोपी $35,000 डॉलर के बॉन्ड पर जेल में बंद है। डैश कैम वीडियो के सार्वजनिक होने के बाद, विस्कॉन्सिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सुरक्षा प्रोटोकॉल की काफी चर्चा हो रही है, क्योंकि इस घटना में किसी भी निर्दोष नागरिक को गंभीर चोट नहीं आई।

### गाड़ी के पलटने पर पकड़ाया आरोपी

जहां पर खेत में गाड़ी जाने से आरोपी आगे भाग नहीं पाता, लेकिन फिर कोशिश करता है और कार को निकालने की कोशिश करता है। इस बीच पुलिस की गाड़ी और आरोपी की एसयूवी (SUV) के बीच टक्कर होने से गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। इसके बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## स्ट्रक्चरल पेस्ट कंट्रोल बोर्ड में शामिल हुए भारतीय मूल के योगेश चुघ

वाशिंगटन। कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम ने राज्य की विभिन्न एजेंसियों में कई नई नियुक्तियों की घोषणा की है। इनमें भारतीय मूल के व्यवसायी योगेश 'योगी' चुघ को संरचनात्मक कीट नियंत्रण बोर्ड (स्ट्रक्चरल पेस्ट कंट्रोल बोर्ड) में शामिल किया गया है। यह जानकारी गवर्नर कार्यालय की आधिकारिक बयान में दी गई है। योगेश चुघ कैलिफोर्निया के फ्रीमोंट में रहते हैं। उन्हें इस बोर्ड में नियुक्त किया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, वह 2013 से एक परामर्श देने वाली कंपनी में कार्यकारी प्रबंध निदेशक के रूप में काम कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 1996 से 2012 तक सोनी कंप्यूटर एंटरटेनमेंट मीडिया कंपनी में प्लेस्टेशन से जुड़ी अलग-अलग जिम्मेदारियां संभालीं, जिनमें ग्राहक संबंध प्रबंधन तकनीक और उपभोक्ता सेवाओं का नेतृत्व शामिल है।

# 1500 ड्रोन और 100 से ज्यादा दागीं मिसाइलें, भारी नुकसान

## रूस का यूक्रेन पर सबसे बड़ा हवाई हमला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रूस ने यूक्रेन पर चार वर्ष से चल रहे युद्ध का सबसे बड़ा हवाई हमला किया है। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई प्रमुख शहरों पर बुधवार-गुरुवार को 1,560 से ज्यादा ड्रोन और करीब 100 मिसाइलें दागीं। इन हमलों में कीव में पांच लोग और अन्य स्थानों पर छह लोग मारे गए और दर्जनों घायल हुए हैं। हमलों से नागरिक सुविधाओं को भी भारी नुकसान हुआ है। यूक्रेन ने अमेरिका और चीन से रूसी हमलों को रुकवाने का अनुरोध किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि इनमें से ज्यादातर ड्रोन और मिसाइलें आकाश में ही नष्ट कर दिए गए लेकिन बाकी ने यूक्रेनी शहरों को भारी नुकसान पहुंचाया। नष्ट किए गए ड्रोन और मिसाइलों के टुकड़ों से भी भवनों और नागरिक सुविधाओं को नुकसान हुआ है। जेलेंस्की ने कहा, इस हमले से जल्द युद्ध खत्म होने की संभावना पर विश्वास नहीं होता है।



### कई शहरों पर ड्रोन-मिसाइलें दागीं

जेलेंस्की ने यूक्रेन की सुरक्षा के लिए सहयोगी देशों से ज्यादा सहायता और एयर डिफेंस सिस्टम की मांग की है। जेलेंस्की ने बताया है कि कीव के 20 स्थानों पर रूस के हमले हुए हैं। इन हमलों में पांच लोग मारे गए और दो बच्चों समेत 40 घायल हुए हैं। ड्रोन हमले में एक नौ मंजिला भवन ध्वस्त हो गया है। राहतकर्मी कंक्रीट की परतें हटाकर उनके नीचे दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं। इसलिए हमले में मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ सकती है। गृह मंत्री इहोर क्लीमेंको ने 10 लोगों के लापता होने की जानकारी दी है।

**कटौती : सड़कों पर उतरे सैकड़ों प्रदर्शनकारी ■ कचरा जलाकर किया विरोध**

# ईंधन संकट से अंधेरे में डूबा क्यूबा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

क्यूबा देश पर इन दिनों ऊर्जा संकट के बादल मंडरा रहे है। वहां के ऊर्जा मंत्री विसेंटे डे ला ओ लेवी ने इस बात की पुष्टि की है कि देश में ईंधन पूरी तरह खत्म हो चुका है। हालात इतने खराब है कि देश में डीजल और ईंधन की कमी के कारण 22 घंटे तक बिजली की कटौती की जा रही है। यह स्थिति अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण बनी है। वहां के लोगों को फिलहाल ब्लैकआउट का सामना करना पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ऊर्जा मंत्री ने बताया, कच्चा तेल और ईंधन तेल दोनों में से हमारे पास बिल्कुल कुछ भी नहीं बचा है; इस वक्त हमारे पास एकमात्र चीज है। वह है कुओं से निकलने वाली गैस, जिसका उत्पादन बढ़ा दिया गया है।



### क्यूबा ने मदद की लगाई गुहार

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने हवाना पर दबाव और बढ़ा दिया है। उन्होंने वेनेज़ुएला से होने वाली तेल की खेपों को रोकने और वैश्विक शुल्क लगाने की धमकी देने के बाद, यह कसम खाई है कि क्यूबा को अब और तेल या पैसा नहीं मिलेगा।

इस द्वीप के भविष्य को लेकर चल रही वार्ताओं के बीच, ट्रंप ने कहा, उन्हें क्यूबा को अपने अधिकार में लेने की उम्मीद है। यह बयान उन्होंने जनवरी में वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से बेदखल करने के प्रयास के बाद दिया था।

- क्यूबा में ईंधन पूरी तरह खत्म, 22 घंटे तक बिजली की कटौती
- हवाना में ऊर्जा संकट के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन
- सौर ऊर्जा क्षमता बढ़ी पर बैटरी भंडारण की कमी

### संतकबीर नगर में आयात शुल्क बढ़ा, सोना-चांदी महंगा होने से शा

वहीं, इस हालात में देश की राजधानी हवाना शहर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन भड़क उठे हैं। कई प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए हैं और बिगड़ते ऊर्जा संकट से हताश होकर बत्तियां जलाओ के नारे लगा रहें हैं। इस दौरान लोगों ने बर्तन पीटने सहित कूड़े के ढेर में आग लगा दिया।



# इस्राइल और लेबनान के बीच तीसरे दौर की वार्ता खत्म


## अमेरिका बोला- सकारात्मक रही बैठक

**वाशिंगटन, एजेंसी**

इस्राइल और लेबनान के बीच शांति वार्ता का तीसरा दौर पूरा हो गया है। गुरुवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय में तीसरे दौर की बातचीत आठ घंटे से अधिक समय तक चली। 'जेरूसलम पोस्ट' की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, यह बातचीत 'उत्पादक और सकारात्मक' रही। दोनों देशों के प्रतिनिधि आगे की चर्चा के लिए शुक्रवार को फिर मिलेंगे। अधिकारी ने कहा, बातचीत को आगे भी जारी रखा जाएगा और उम्मीद है कि आने वाले समय में और जानकारी साझा की जाएगी।

इन वार्ताओं में अमेरिका की मध्यस्थता का नेतृत्व अमेरिका के इस्राइल में राजदूत माइक हकाबी, विदेश मंत्री मार्को रुबियो के सलाहकार माइकल नीडहम और अमेरिका के लेबनान में राजदूत माइकल ईसा ने किया।



इस्राइल के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमेरिका में इस्राइली राजदूत येहिएल लीटर ने किया। उनके साथ रणनीति प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल अमीचाई लेविन, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के एक प्रतिनिधि और वाशिंगटन में कार्यरत इस्राइली सैन्य प्रतिनिधि भी शामिल थे। लेबनान के प्रतिनिधिमंडल में अमेरिका में लेबनान के पूर्व राजदूत साइमन करम, वर्तमान लेबनानी राजदूत नादा हमादे मौआवद और वाशिंगटन में लेबनान के सैन्य प्रतिनिधि शामिल थे।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96